



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 34 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 04 नवंबर 2025 डाक 05 नवंबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए







# मणिपुर में उग्रवादियों ने की आर्मी जवानों पर फायरिंग


## जवाबी कार्रवाई में चार को मार गिराया



**मणिपुर, 04 नवंबर [एजेंसी]।**

मणिपुर के छुरछंदपुर में सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित समूह के 4 उग्रवादियों को मार गिराया है। चारों आतंकी आज सुबह हुए पुलिस एनकाउंटर में मारे गए हैं। इनका संबंध मणिपुर के प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड कूकी नेशनल आर्मी से मिला है। सुरक्षाबलों को खानपी गांव के पास उग्रवादियों के होने की सूचना मिली थी। ऐसे में सुबह 5.30 बजे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में 3 उग्रवादी ढेर कर दिए गए। मणिपुर में शांति स्थापित करने की कोशिशों के तहत कई कूकी और जोमी उग्रवादी समूहों ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन इस लिस्ट में KNA का नाम शामिल नहीं था। ऑपरेशन की जानकारी देते हुए एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच फायरिंग शुरू हो गई थी। इस दौरान गोली लगने से कई उग्रवादी घायल हो गए और 4 की मौके पर मौत हो गई। हालांकि, गोलीबारी के बीच में कई उग्रवादी बचकर निकलने में कामयाब हो गए। ऑपरेशन के दौरान हुए एनकाउंटर के बाद सेना ने बयान जारी करते हुए घटना की जानकारी दी है।

## देश के दो राज्यों में सुबह-सुबह लगे भूकंप के झटके, घरों से बाहर निकले लोग



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में मंगलवार सुबह 3.7 तीव्रता का हल्का भूकंप आया। इसके झटके विशाखापत्तनम जिले में भी महसूस किए गए। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है।आंध्र प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, भूकंप का झटका सुबह 4.19 बजे 10 किलोमीटर की गहराई पर दर्ज किया गया, जिसका केंद्र अक्षांश 18.02ए उत्तर और देशांतर 82.58 ए पूर्व पर था। आंध्र प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एपीएसडीएमए) के एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, मंगलवार सुबह अल्लूरी सीताराम राजू जिले में रिक्टर पैमाने पर 3.7 तीव्रता का हल्का भूकंप दर्ज किया गया, जबकि विशाखापत्तनम में कुछ जगहों पर भी झटके महसूस किए गए।

## 22 बच्चों की मौत के मामले में आरोपी डॉक्टर की पत्नी गिरफ्तार, स्टॉक में की थी हेराफेरी




**छिंदवाड़ा, 04 नवंबर [एजेंसी]।**

22 मासूमों की जान लेने वाले जहरीले कफ सिरप कांड में लंबे समय से फरार चल रही सहआरोपी ज्योति सोनी आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ गई। आरोपी डॉ. प्रवीण सोनी की पत्नी ज्योति पर साक्ष्य छिपाने और अपराध में सहयोग करने का आरोप है। वह परासिया में अपना मेडिकल स्टोर संचालित करती थी। एसआईटी टीम ने परासिया से उसे गिरफ्तार किया। डीएसपी जितेंद्र जाट ने बताया कि फरारी के दौरान ज्योति सोनी बैंगलौर और बनारस में छिपी रही। इसी दौरान उसने जबलपुर हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत के प्रयास भी किए थे।

सूचना मिलने पर एसआईटी ने परासिया में दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। ड्रग विभाग की जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि ज्योति सोनी ने फॉर्मासिस्ट सौरभ जैन और न्यू अपना फार्मा संचालक राजेश सोनी के साथ मिलकर जहरीले कफ सिरप कोल्ड्रिफ के स्टॉक में हेराफेरी की और जानकारी छिपाई। तीनों ने डॉ. प्रवीण सोनी को बचाने की नीयत से साक्ष्य मिटाने की कोशिश की थी। इसी आधार पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सौरभ और राजेश पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि ज्योति अब पकड़ी गई है। ज्योति की गिरफ्तारी को लेकर परासिया में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोगों का कहना है कि उसने स्वेच्छा से सरेंडर किया, जबकि पुलिस का दावा है कि यह गिरफ्तारी है, समर्पण नहीं।

# महिलाओं के खाते में भेजेंगे 30 हजार वोटिंग से पहले तेजस्वी का बड़ा ऐलान



**पटना, 04 नवंबर [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री पद के महागठबंधन प्रत्याशी तेजस्वी यादव ने मंगलवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बड़ा ऐलान किया। मतदान से ठीक दो दिन पहले उन्होंने महिलाओं और सरकारी कर्मचारियों को साधने वाला मास्टर स्ट्रोक फेंका। तेजस्वी ने कहा कि अगर महागठबंधन की सरकार बनती है तो माई बहिन योजना के तहत महिलाओं को एक साल की पूरी राशि यानी 30 हजार रुपये एकमुश्त उनके खातों में भेजी जाएगी। उन्होंने कहा, सरकार बनने के बाद 14 जनवरी को हमारी सरकार माता बहनों के खाते में एक साल का पूरा पैसा डाल देगी। तेजस्वी ने साथ ही सरकारी कर्मचारियों के लिए भी बड़ा वादा किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की पोस्टिंग गृह जिले से अधिकतम 70 किलोमीटर की दूरी पर की जाएगी, ताकि उन्हें अपने परिवार से दूर रहकर परेशानी न उठानी पड़े। किसानों के हित में एक और बड़ा ऐलान करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि सिंचाई के लिए किसानों को बिजली अब मुफ्त दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी राज्य सरकार किसानों से 55 पैसे प्रति यूनिट लेती है, लेकिन हमारी सरकार बनने पर यह खर्च पूरी तरह सरकार वहन करेगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि राज्य के व्यापार मंडलों के 8463 पैक्स को जनप्रतिनिधि का दर्जा दिया जाएगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।

धान और गेंहू जैसी फसल के समर्थन मूल्य में अतिरिक्त राशि के प्राविधान होंगे। उन्होंने कहा, अब बदलाव का समय आ गया है। तेजस्वी के इस ऐलान से साफ है कि महागठबंधन ने चुनाव के आखिरी चरण में महिला वोटरों और सरकारी कर्मचारियों पर फोकस बढ़ा दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह घोषणा बिहार की चुनावी हवा को अंतिम चरण में नया मोड़ दे सकती है।

# 13 हजार करोड़ के ड्रग्स मामले में भगोड़े के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी

**नईदिल्ली 04 नवंबर [एजेंसी]।**




पिछले साल दिल्ली में पकड़े गए 13 हजार करोड़ रुपए के ड्रग्स मामले में भगोड़े ऋषभ बसोया के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी हुआ है। ऋषभ बसोया इंटरनेशनल ड्रग तस्कर वीरेंद्र बसोया का बेटा है, जो दिल्ली के पिलनजी गांव का रहने वाला है। साल 2024 में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 13,000 करोड़ रुपए की ड्रग्स पकड़ी थी। पुलिस ने दावा किया कि ये ड्रग्स विदेश में बैठे वीरेंद्र बसोया ने भेजी है। मामले में दिल्ली पुलिस ने पंजाब के अजनाला से एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। उसकी एसयूवी गाड़ी से भी ड्रग्स मिली। पुलिस जांच में सामने आया कि यह गाड़ी वीरेंद्र बसोया के बेटे ऋषभ की थी, जिसने वो जस्सी को दी थी। इस खुलासे के बाद ऋषभ भी विदेश भाग गया। फिलहाल, दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की जांच के बीच इंटरपोल ने ऋषभ बसोया के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया है। रेड कॉर्नर नोटिस में इंटरपोल की ओर से दुनिया भर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों से प्रत्यर्पण तक किसी व्यक्ति का पता लगाने और उसे हिरासत में लेने का अनुरोध होता है।

यह हत्या, चोरी और भ्रष्टाचार जैसे गंभीर मामलों में वांछित अपराधियों के खिलाफ जारी किया जाता है। पिछले साल अक्टूबर में 5600 करोड़ रुपए के ड्रग्स रैकेट मामले में मास्टरमाइंड वीरेंद्र बसोया के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया था। दिल्ली पुलिस ने महिपालपुर में एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी गैंग का भंडाफोड़ करते हुए 562 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप पकड़ी थी। जांच के दौरान पता चला कि कोकीन की खेप बसोया ने ही भिजवाई थी। इस मामले में एक आरोपी तुषार गोयल को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले, पुणे पुलिस ने 2023 में 3000 करोड़ रुपए की ड्रग्स पकड़ी थी, तब भी बसोया का नाम सामने आया था।

# कुएं में गिरे 4 हाथी, वन विभाग की रेस्क्यू टीम पहुंची



**बलौदाबाजार 04 नवंबर।** जिले के बारनयापारा के हरदी गांव में चार हाथियों का दल एक कुएं में जा गिरा है। इस दल में तीन वयस्क और एक शावक हाथी शामिल हैं। जैसे ही यह खबर स्थानीय लोगों को मिली, हाथियों को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने भीड़ को वहां से हटाया और नीचे गहराई में गिरे हाथियों का रेस्क्यू अभियान शुरू किया। बता दें कि इन दिनों जंगलों से भटककर हाथियों के झुंड जिले के रहवासी इलाकों में घूम रहे हैं। वन विभाग ने हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए लोगों को अलर्ट कर दिया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि गजदल के संभावित खतरे को देखते हुए लोग अकेले जंगलों की ओर न जाएं और सुरक्षा के सभी उपाय अपनाएं।

# शादी समारोह में रोटियों पर थूक लगाकर परोसीं, आरोपी गिरफ्तार



**बुलंदशहर ।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में एक दलित परिवार के शादी समारोह में थूक जिहाद का बेहद शर्मनाक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। पहासू थाना क्षेत्र के अटेरना गांव में विक्रम कुमार बाल्मीकि की बेटी की शादी के दौरान बारातियों के लिए तैयार की जा रही तंदूरी रोटियों पर थूक लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने आरोपी दानिश को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही समारोह स्थल पर सन्नाटा छा गया, जिसके बाद बारातियों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। चश्मदीदों के अनुसार, शादी का आयोजन धूमधाम से चल रहा था। विक्रम कुमार ने अपनी बेटी की शादी के लिए गांव के सभी लोगों को आमंत्रित किया था। दावत का समय होने पर मेहमान खाने के लिए इकट्ठा हुए, लेकिन तंदूर के पास काम कर रहे एक कारीगर ने हर रोटी को तंदूर में डालने से पहले अपने थूक से गीला किया, जो किसी ने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि आरोपी दानिश नाम का युवक बिना किसी हिचकिचाहट के यह घिनौना काम कर रहा था।

## जेल में बंद कवासी लखमा को कांग्रेस ने सौंपी जिम्मेदारी

**रायपुर।** एआईसीसी ने अभा आदिवासी कांग्रेस कमेटी के लिए



सलाहकार परिषद का गठन किया है। इसमें छत्तीसगढ़ के 8 नेताओं को भी शामिल किया गया है। इनमें दीपक बैज,फूलो देवी नेताम, मोहन मरकाम, प्रेम साय सिंह, अमरजीत भगत,रामपुकार सिंह, खेल साय के साथ बीते 8 माह से जेल में बंद विधायक कवासी लखमा भी शामिल हैं।

# कार्तिक पंचुका के तीसरे दिन जगन्नाथ मंदिर में पहुंची श्रद्धालुओं की भीड़, लगाए जयकारे



**पुरी 04 नवंबर।** ओडिशा में पुरी के जगन्नाथ मंदिर में मंगलवार को कार्तिक पंचुका के तीसरे दिन बड़ी संख्या में भक्त दर्शन करने के लिए पहुंचे। ब्रह्म मुहूर्त से ही भक्त मंदिर पहुंचना शुरू हो गए और दर्शन के लिए मंदिर में भक्तों की लंबी लाइन भी देखी गई। कार्तिक पंचुका के तीसरे दिन भक्त हर्षोल्लास के साथ मंदिर पहुंचे और भगवान जगन्नाथ के जयकारे भी लगाते दिखे। इस मौके पर मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं ने एक विशेष प्रकार की आवाज भी निकाली, जो बंगाली शादियों में सुनने को मिलती है। इस मौके पर भगवान जगन्नाथ ने अद्भुत श्रृंगार भी किया, जिसे देखकर भक्त भाव-विभोर दिखे। सनातन हिंदू धर्म में वैसे तो पूरे कार्तिक महीने का महत्व होता है, क्योंकि ये पूरा महीना भगवान विष्णु को समर्पित होता है। हालांकि देवउठनी एकादशी से लेकर अमावस्या तक यानी पांच दिन तक रोज पवित्र नदियों में स्नान करना शुभ माना जाता है।

कहा जाता है कि पांच दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करने से सारे पापों का नाश होता है और वैकुंठ के रास्ते भक्तों के लिए खुल जाते हैं। इन दिनों दान का भी बहुत महत्व होता है। स्नान के साथ-साथ दान-पुण्य और धार्मिक नियमों का पालन करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं और भक्तों पर अपनी कृपा बरसाते हैं।

# अनंत सिंह के भतीजों की तलाश में कई ठिकानों पर दबिश



**पटना 04 नवंबर।** मोकामा विधानसभा क्षेत्र के पंडारक प्रखंड के भदौर थाना क्षेत्र में जनसुराज प्रत्याशी के समर्थक दुलारचंद यादव की हत्या में फरार आरोपितों की तलाश में पुलिस की अलग अलग टीमों ने रविवार की रात से दर्जन भर ठिकानों पर दबिश दी है। पुलिस की विशेष टीम के निशाने पर जद यू प्रत्याशी व पूर्व विधायक अनंत सिंह के दोनों भतीजे कर्मवीर और राजवीर के साथ छोटन नाम का युवक भी है। घटना वाले दिन जद यू व जन सुराज प्रत्याशी की उपस्थिति में समर्थकों के बीच झड़प के कई वीडियो अबतक सामने आए हैं, इसके आधार पर पुलिस के तकनीकी सेल ने अन्य आरोपितों की भी पहचान की है। उनकी तलाश में इनके रिश्तेदारों से लेकर करीबियों के यहां छापेमारी की जा चुकी है। पूरे मामले की जांच सीआइडी की टीम भी कर रही है।

शीघ्र ही सभी आरोपितों की गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि गिरफ्तारी से बचने को कई आरोपित राज्य छोड़ चुके हैं।आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अब तक दुलारचंद हत्याकांड की मुख्य प्राथमिकी में पूर्व विधायक अनंत सिंह समेत तीन की गिरफ्तारी हुई है और उपद्रव से जुड़े तीन अन्य केस में कुल 80 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# महाराष्ट्र में चुनाव आयोग आज दोपहर 4 बजे करेगा प्रेस कॉन्फ्रेस

## स्थानीय निकाय चुनाव का हो सकता है ऐलान



**मुंबई, 04 नवंबर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में लंबे वक्त से लंबित स्थानीय निकाय चुनावों की आज घोषणा की जा सकती है। राज्य चुनाव आयोग ने आज शाम 4 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की है। चुनाव आयोग ने बताया है कि इस दौरान स्थानीय चुनाव के संबंध में चर्चा की जाएगी। कयास लगाया जा रहा है कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे स्थानीय निकाय चुनाव की घोषणा करेंगे। जानकारी के मुताबिक, पहले फेज में नगरपालिका और नगर परिषद के चुनाव होने की संभावना है। इसके बाद ग्राम पंचायत और अन्य चुनाव कराए जाने का अनुमान है। राज्य में स्थानीय निकाय और नगर पालिका चुनावों का रास्ता हाल ही में साफ हुआ है। वार्ड संरचना और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण जैसे कई वर्षों से लंबित मुद्दों के कारण चुनाव में बाधा आ रही थी। यानी अगर आज चुनाव आयोग इसका एलान करती है तो पहले चरण में 246 नगर पालिकाओं और 42 नगर पंचायतों के चुनावों की घोषणा हो जाएगी।

## ओडिशा के युवक का सूडान में RSF ने किया अपहरण परिवार ने राज्य सरकार से लगाई मदद की गुहार



**भुवनेश्वर।** जगतनसिंहपुर जिले के आदर्श बेहेरा के माता-पिता ने राज्य सरकार से उनके सुरक्षित बचाव के लिए हस्तक्षेप करने की अपील की है। बताया जा रहा है कि आदर्श को सूडान के अर्धसैनिक संगठन रैपिड सपोर्ट फोर्सेस (आरएसएफ) ने बंधक बना लिया है। आदर्श की पत्नी सुष्मिता बेहेरा के अनुसार, सशस्त्र विद्रोहियों ने उनके पति का अपहरण कर लिया और उनका मोबाइल फोन व निजी सामान छीन लिया। अपहरण से पहले आदर्श ने अपनी पत्नी को एक ऑडियो संदेश भेजा था, जिसमें कहा था कि अगर राज्य और केंद्र सरकार दोनों हस्तक्षेप करें तो अपहर्ता उन्हें छोड़ सकते हैं। सुष्मिता ने ओडिशा सरकार से अपने पति की रिहाई के लिए तुरंत कदम उठाने की अपील की है। आदर्श के पिता क्षेत्रबासी बेहेरा अपने बेटे के अपहरण की खबर सुनकर फूट-फूटकर रो पड़े। उन्होंने कहा कि पिछले आठ दिनों से उनका अपने बेटे से कोई संपर्क नहीं हुआ है। उन्होंने अधिकारियों से अपने बेटे की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की गुहार लगाई। रिपोर्ट के अनुसार, पीड़ित आदर्श बेहेरा तिर्तोल थाना क्षेत्र के कोटाकाना गांव के निवासी हैं और पिछले तीन वर्षों से सूडान में काम कर रहे थे।

वर्ष 2022 से वे एक प्लास्टिक फैक्ट्री में मशीन ऑपरेटर के रूप में कार्यरत थे। उन्हें बंदूक की नोक पर अल-फाशिर नामक स्थान से अगवा किया गया, जो सूडान की राजधानी खार्तूम से लगभग 1000 किलोमीटर दूर है। आरएसएफ के विद्रोही उन्हें नियाला में बंधक बनाए हुए हैं। एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आदर्श विद्रोहियों के सामने हाथ जोड़कर मदद की गुहार लगा रहे हैं। वीडियो में उन्होंने कहा कि वे पिछले दो वर्षों से सूडान में कठिन परिस्थितियों में रह रहे हैं।



## गिरानी में कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

**कोरबा ।** जनपद अंतर्गत ग्राम गिरारी के बजरंगबली चौक में एकादशी के शुभ अवसर पर चार दिवसीय ओपन चैलेंज कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस खेल आयोजन में आसपास के गांवों से कुल 18 टीमों ने पंजीयन कर भाग लिया है।कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत कोरबा की अध्यक्ष श्रीमती बिजमोती अभिमन्यु राठिया ने भगवान श्री हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर किया। शुभारंभ के अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को खेलभावना के साथ खेल में भाग लेने और ग्रामीण खेलों की परंपरा को जीवित रखने की अपील की।श्रीमती राठिया ने कहा कि — 'गांवों में ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को नशामुक्त और अनुशासित जीवन की दिशा में प्रेरित करते हैं।'इस अवसर पर भाजपा कुदमुरा मंडल के पूर्व महामंत्री हेमलाल झारिया, जनपद सदस्य बैलेंदर, महेंद्र सिंह, सरपंच दर्शन सिंह, सुंदर सिंह, देवनारायण, परस राम, रोशन, बरम सिंह, ठंढा राम, बिसाहू राम, राम प्रसाद, रूप सिंह, परबद सिंह, जगलाल, कार्तिक राम, जनक राम, पुरुषोत्तम सिंह, रामप्रसाद निषाद और शेखर मल्लिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।ग्रामवासियों ने ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच खिलाड़ियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता में विजेता टीमों को समापन अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य गांवों में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ाना और युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है।

## अंडर-17 ताइक्वांडो प्रतियोगिता अंतर्गत बेटियों ने मारी बाजी

**कोरबा।** कोरबा में कर्मा तेजस्वी खेल विकास संगठन गेवरा समिति ने 2 अक्टूबर को अंडर-17 ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी।

प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 7 बजे बच्चों के वजन परीक्षण के साथ हुआ। वजन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रतिभागियों को भोजन कराया गया और फिर से वजन जांच की गई। इसके बाद औपचारिक रूप से प्रतियोगिता शुरू हुई, जिसमें बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि सुशील तिवारी और समिति के पदाधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए। सुशील तिवारी ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने में संगठन की पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर खेल रेफरी चंचल रजक ने कहा कि यह खेल बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के साथ-साथ वर्तमान परिस्थितियों में आत्मरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है, खासकर लड़कियों के लिए ताकि वे किसी भी अप्रिय घटना के समय अपनी रक्षा कर सकें। सहायक रेफरी शंकर महंत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लड़कियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि खेल को बढ़ावा देने और लोगों को जागरूक करने के लिए कई स्तरों पर कार्य किया जा रहा है।

## गुरुनानक जयंती से पूर्व सिख समाज ने निकाली शोभायात्रा

**कोरबा।** श्री गुरुनानक देव के 556वीं जयंती प्रकाश पर्व के पूर्व नगर में शोभायात्रा निकाली गई। जो मुख्य मार्ग होते हुए टी.पी. नगर गुरुद्वारा में संपन्न हुई। शोभा यात्रा में सिख समाज के पंज प्यारे शामिल हुए। समुदाय की महिलाएं कीर्तन करती हुई शोभायात्रा में शामिल हुई।

इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अमरजीत सिंह, बजरंगदल के जिला संयोजक राणा मुखर्जी और कार्यकर्ताओं द्वारा पाम मॉल के समाने शरबत सेवा की गई। इससे पूर्व उन्होंने पंज प्यारो का फूल मालाओ से स्वागत किया। जिले में 5 नवंबर को गुरुनानक जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।

## सांड को पकड़ भिजवाया गया कांजी हाउस

**कोरबा ।** कोरबा अंचल में आतंक मचाने वाले एक सांड को नगर निगम की टीम ने पकड़ लिया है। इस सांड के हमले से एक विद्यालयीन छात्र सहित दो लोग घायल हो गए थे, जिससे अमरिया पारा क्षेत्र में दहशत का माहौल था। इस कड़ी में निगम ने दो आवारा सांडों को पकड़ा है।

घटना वार्ड क्रमांक 14 के अमरिया पारा क्षेत्र में घटित हुई। वीनस पब्लिक स्कूल में कक्षा 7 का छात्र अक्षय कुमार श्रीवास (12) ट्यूशन जाने के लिए घर से निकला था। रास्ते में सांड ने उस पर अचानक हमला कर दिया और सींग से उठाकर पटक दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की मदद से घायल अक्षय को चिकित्सालय पहुंचाया गया। परिजनों के अनुसार, उसके पेट के निचले हिस्से में गहरी चोट लगी है और चिकित्सको ने उसकी हालत गंभीर बताई है। फिलहाल, उसका इलाज चल रहा है और शल्य चिकित्सा की तैयारी करी जा रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही नगर निगम ने कार्रवाई कर दो आवारा सांडों को पकड़कर गोकुल नगर स्थित कांजी हाउस भेज दिया। वार्ड पार्षद टीकम राठौर ने बताया कि उन्होंने निगम अधिकारियों को फोन और पत्राचार के माध्यम से सूचित किया था। निगम की टीम ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद सांड को पकड़ा। इस सांड ने छात्र के अलावा दो अन्य राहगीरों पर भी हमला किया था, जिससे बस्ती में लोग घरों से बाहर निकलने में डर रहे थे।

## पीएमएनएम का आयोजन आईटीआई कोरबा में 10 नवंबर को

**कोरबा।** अप्रेंटिसशिप योजनान्तर्गत प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएम) का आयोजन 10 नवंबर को आईटीआई कोरबा में किया जा रहा है।

आईटीआई कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योगों/ प्रतिष्ठानों एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षाणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन एवं नियोजन किया जायेगा। अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योग/प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि एवं आईटीआई उत्तीण प्रशिक्षणार्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में 10 नवंबर को प्रात: 9 बजे उपस्थित होकर पंजीयन एवं नियोजन की कार्यवाही कर सकते हैं।

# ग्राम नराईबोध के ग्रामीणों ने बाहरी हस्तक्षेप के खिलाफ खोला मोर्चा

## कोरबा जिला कलेक्टर से मुलाकात कर तत्काल रोक लगाने की मांग

**कोरबा ।** सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया की अनुसांगिक कंपनी एसईसीएल बिलासपुर के अधीन कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल गेवरा की मेगा परियोजना से प्रभावित ग्राम नराईबोध के समस्त ग्रामवासियों ने अपने रोजगार, पुनर्वास और मुआवजा प्रकरणों में हो रहे बाहरी हस्तक्षेप को लेकर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है, ग्रामीणों ने एकजुट होकर जिला कलेक्टर, कोरबा को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने कुछ बाहरी व्यक्तियों पर उनके आंदोलन को निजी स्वार्थ के लिए हाईजैक करने का आरोप लगाया है।

ग्रामवासियों ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि उनकी भूमि एसईसीएल गेवरा परियोजना द्वारा अधिग्रहित की गई है और वे अपने हक की लड़ाई (उचित मुआवजा, रोजगार, पुनर्वास और अन्य मूलभूत सुविधाएं) के लिए एकजुट हैं। ग्रामीणों ने दृढ़ता से कहा है कि वे अपनी मांगों को एसईसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन के समक्ष रखने और किसी भी प्रकार की वार्ता करने के लिए स्वयं पूर्णत: समर्थ और सक्षम हैं।

ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा और कम्युनिस्ट पार्टी के तथाकथित नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं, ग्रामीणों के अनुसार ये व्यक्ति ग्राम नराईबोध के निवासी नहीं हैं, फिर भी वे जबरदस्ती गांव के मामलों में दखलअंदाजी कर रहे हैं इसके अतिरिक्त, गांव के ही एक व्यक्ति पर इन बाहरी व्यक्तियों को लाकर गांव में अशांति का माहौल पैदा करने और नेतृत्वकारी व्यक्तियों पर गलत बयानबाजी करने का आरोप लगाया गया है।

ग्रामवासियों ने अपने ज्ञापन में स्पष्ट आरोप लगाया है कि उनका हमारे हितों से कोई सरोकार नहीं है वे केवल अपने निजी स्वार्थ, ब्लैकमेलिंग और ठेकेदारी हासिल करने के कुत्सित उद्देश्य से ग्रामवासियों के नाम का दुरुपयोग कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि इस बाहरी हस्तक्षेप के कारण उनकी वास्तविक मांगों पर प्रशासन और प्रबंधन के साथ होने वाली वार्ता बाधित हो रही है और अनावश्यक भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है।

समस्त ग्रामवासियों ने कलेक्टर से विनम्र निवेदन किया है कि इस संवेदनशील मामले को संज्ञान में लेते हु उनको ग्राम नराईबोध के किसी भी मामले में हस्तक्षेप करने, प्रतिनिधित्व करने या ग्रामीणों के नाम पर किसी भी गतिविधि को संचालित करने से तत्काल प्रतिबंधित किया जाए। इस आशय पर कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी, एसईसीएल प्रबंधन सहित अन्य विभागों को भी पत्र प्रेषित किया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि इस प्रतिबंध के बाद ही वे सीधे तौर पर शांतिपूर्ण तरीके से प्रशासन और प्रबंधन के साथ अपनी समस्याओं का निराकरण कर सकेंगे।



## हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेमीपाली में महिला समिति ने हर्षोल्लास के साथ मनाया छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस का रजत जयंती समारोह

**कोरबा ।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेमीपाली की महिला समिति द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना और वंदन के साथ की गई। इस अवसर पर सभी उपस्थित महिलाओं ने राज्य गीत 'अरपा पैरी के धार' को सामूहिक रूप से गाया तथा छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और आरती कर राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को नमन किया।

समारोह में पारंपरिक सुआ नृत्य, पंथी नृत्य, कर्मा नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही महिलाओं और बच्चों के लिए विविध मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्सव का माहौल छाया रहा और लोगों ने रजत जयंती समारोह का आनंद उल्लासपूर्वक लिया।

कार्यक्रम में श्रीमती शशि पाटले, जमुना साहू, सुषमा साहू, गायत्री खूंटे, अश्वनी चौहान, रेखा कुर्रे, लता साहू, प्रीति चौहान, फूल फुल्लर, रेशमा फुलर, पद्मिनी साहू, सीमा साहू, श्वेता डहरिया, जीना कारूश, मुस्कान सिंह, कुमारी चंद्रा, अंजू राठौर और बृहस्पति मानिकपुरी सहित अनेक सदस्यों ने अपनी सक्रिय भागीदारी और विशेष योगदान दिया। समारोह की मुख्य आयोजक श्रीमती शशि पाटले, श्रीमती जमुना साहू और श्रीमती सुषमा साहू आदि उपस्थित रहीं।

## सहकार्य बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति कोरबा के जारी मतदाता सूची के सम्बंध में दावा आपत्ति आमंत्रित

**कोरबा।** सहकार्य बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति मर्यादित कोरबा के मतदाता सूची का प्रकाशन 03 नवंबर को किया गया है।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहकार्य बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति मर्यादित कोरबा पंजीयन क्रमांक 345 से प्राप्त जानकारी अनुसार जारी मतदाता सूची के सम्बंध में सदस्यों से दावा आपत्ति 10 नवंबर तक मंगाया गया है। किसी सदस्य को आपत्ति होने पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा आपत्ति ब्रजेन्द्र धर शर्मा प्रबंधक/सदस्य को कार्यालयीन समय पर समिति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। सूची पर प्रस्तुत आपत्तियों का निराकरण समिति कार्यालय में 11 नवम्बर 2025 को प्रात: 11 बजे से किया जाएगा। साथ ही उपान्तरित सूची को अंतिम मतदाता सूची के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

## डीपीएस बालको की प्रतिभाशाली छात्रा ने मंच पर बिखेरा भारतीय संस्कृति का रंग

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव 2025 में कोरबा जिले की प्रतिभाशाली बाल कलाकार अर्शिका आर्या ने अपने मनमोहक कथक नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिला मुख्यालय में 2 नवंबर से 5 नवंबर तक चल रहे इस राज्य महोत्सव में प्रदेशभर से कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला, संस्कृति और लोक परंपराओं का सुंदर प्रदर्शन किया। इन्हीं में से एक आकर्षण रही कक्षा चौथी की नन्ही कलाकार अर्शिका आर्या की प्रस्तुति, जिसने मंच पर उपस्थित दर्शकों के हृदय को छू लिया।डीपीएस बालको की छात्रा अर्शिका आर्या ने पारंपरिक कथक नृत्य की ऐसी अनुपम प्रस्तुति दी, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि नई पीढ़ी भी भारतीय शास्त्रीय कला की गहराइयों को समझ रही है और उसे आगे बढ़ाने का संकल्प रखती है। अर्शिका ने अपने गुरु रंजीत नायक के निर्देशन में कथक नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। मंच पर उनकी लय, ताल और भाव-भंगिमा का ऐसा सुंदर संगम देखने को मिला कि उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।राज्योत्सव के इस मंच पर अर्शिका आर्या की प्रस्तुति ने पारंपरिक भारतीय नृत्य कला और आधुनिक संवेदनशीलता का एक अद्भुत मेल प्रस्तुत किया। नन्ही उम्र में जिस आत्मविश्वास, सहजता और भावाभिव्यक्ति के साथ उन्होंने मंच को सजाया, वह हर किसी को अचंभित कर गया। उपस्थित अतिथियों ने भी उनकी प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि राज्य की यह नई पीढ़ी हमारी सांस्कृतिक धरोहर की सच्ची वारिस है।

अर्शिका ने इससे पूर्व भी कई प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उन्होंने बिलासपुर, भिलाई और पुणे सहित विभिन्न शहरों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कथक नृत्य की प्रस्तुति देकर प्रशंसा अर्जित की है। उनकी प्रत्येक प्रस्तुति में नृत्य की गहराई और भावनाओं की सजीवता दिखाई देती है, जो दर्शकों को भारतीय संस्कृति के करीब ले जाती है। अर्शिका आर्या के पिता बालको संयंत्र में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता शिक्षा विभाग में व्याख्याता के रूप में सेवाएं दे रही हैं। परिवार का सहयोग और गुरु का मार्गदर्शन ही उनक इस उपलब्धि के पीछे की सबसे बड़ी प्रेरणा शक्ति है।राज्योत्सव में अर्शिका की प्रस्तुति न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि कोरबा जिले के लिए भी गर्व का विषय बन गई है। इस प्रदर्शन के माध्यम से यह संदेश स्पष्ट हुआ कि छत्तीसगढ़ की धरती प्रतिभाओं से परिपूर्ण है, और यहाँ की नई पीढ़ी अपने कला कौशल से प्रदेश और देश का नाम रोशन करने के लिए तत्पर है।

# विविध कार्यक्रमों के साथ एसईसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का समापन समारोह 3 नवम्बर को एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर स्थित ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के भूतपूर्व सदस्य (रेलवे ऑपरेशन एवं बिजनेस डेवलपमेंट) रविन्द्र गोयल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। मंच पर निदेशक (तकनीकी-संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार,मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन एवं निदेशक (तकनीकी-योजना/परियोजना) रमेश चन्द्र महापात्र तथा उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि श्री दुहन ने अपने संबोधन में कहा कि यह पूरे एसईसीएल परिवार के लिए गर्व की बात है कि सतर्कता के क्षेत्र में किए जा रहे हमारे नवाचारपूर्ण प्रयासों को केंद्रीय सतर्कता आयोग ने सराहा है। उन्होंने कहा, 'सफलता तभी संभव है जब हम टीम भावना से कार्य करें और हर स्तर पर ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को आत्मसात करें।'मुख्य वक्ता श्री गोयल ने कहा कि सतर्कता की जिम्मेदारी केवल कार्यस्थल तक सीमित नहीं है, यह व्यक्ति के पूरे जीवन और परिवार तक विस्तारित होती है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य प्राप्त करना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही आवश्यक है कि हम सही और नैतिक मार्ग का चयन करें।कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि इस वर्ष की थीम 'सतर्कता हमारी साझा ज़िम्मेदारी' केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक जीवनदृष्टि है। उन्होंने कहा कि सतर्कता सुनिश्चित करना केवल किसी एक विभाग या व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी और खनिक इस जिम्मेदारी की मजबूत कड़ी हैं। श्री जैन ने तीन माह तक चले विशेष सतर्कता अभियान के दौरान विभाग द्वारा की गई गतिविधियों की जानकारी भी दी।

समारोह की शुरुआत में अतिथियों ने परिसर में पौधारोपण किया। तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलन और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके




बाद कोल इंडिया कॉर्पोरेट गीत प्रस्तुत किया गया तथा सतर्कता प्रतिज्ञा का सामूहिक पाठ मुख्य अतिथि द्वारा कराया गया।इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों द्वारा सतर्कता अभियान की गतिविधियों पर केन्द्रित स्मारिका 'स्पंदन' एवं सिस्टेमिक इमप्रोवमेंट्स पर एक हैंडबुक' का विमोचन किया गया।इस अवसर सप्ताह के दौरान आयोजित गतिविधियों पर आधारित सतर्कता गैलरी का भी किया प्रदर्शन किया गया जोकि कार्यक्रम के प्रमुख अकर्षणों में से एक रही। गैलरी में सतर्कता विभाग की पहलों एवं ऑनलाइन प्रयासों जैसे जटायु डाइश्बोर्ड के बारे में बताया गया।कार्यक्रम में डीएवी स्कूल की छात्राओं ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी तथा अग्रज नाट्य दल, बिलासपुर ने सतर्कता संदेश पर आधारित नाटक का मंचन कर सबका मन मोह लिया।समापन सत्र में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित निबंध, वाद-विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों के करकमलों से सम्मानित किया गया। ये प्रतियोगिताएं एसईसीएल मुख्यालय के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों, विद्यालयों और महाविद्यालयों में आयोजित की गई थीं।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (खनन) शशांक अग्रवाल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (सतर्कता) एन. नागेश्वर राव ने प्रस्तुत किया।

# भारतीय मजदूर संघ और इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस के सदस्यों ने ली ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस की सदस्यता

**कोरबा ।** कोरबा-पश्चिम दीपका परियोजना अंतर्गत गेवरा स्थित एटक वर्कर्स क्लब में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ और इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस से जुड़े कई पदाधिकारियों और श्रमिकों ने ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर करीब 120 श्रमिकों ने एटक संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली। कार्यक्रम में कोरबा क्षेत्र की विभिन्न खदान परियोजनाओं से बड़ी संख्या में कोयला मजदूर उपस्थित थे। मंच पर एटक के राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एटक के केंद्रीय अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने की। उनके साथ मंच पर केंद्रीय महामंत्री अजय विश्वकर्मा, केंद्रीय उप महामंत्री बी. धर्मा राव गेवरा क्षेत्रीय सचिव एवं केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दीपक उपाध्याय, हसदेव क्षेत्र के डी.एन. सिंह, कुसमुंडा क्षेत्र के सचिव अजीत सिंह, हसदेव क्षेत्र के प्रमोद तिवारी तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कोरबा क्षेत्र के सक्रिय पदाधिकारी विनोद कुमार यादव, जीत सिंह (अध्यक्ष दीपका क्षेत्र), गोपाल यादव (कार्यवाहक अध्यक्ष एटक), सत्येंद्र मिश्रा, ज्ञानेंद्र द्विवेदी, बी.एल. यादव, रामनारायण राजवाड़े, सुरेंद्र स्वर्णकार, संतोष पटेल, योगेश साहू, भारत लाल साहू, किशोर राजपूत, ई.वी.एम. गभेल और भीम खरे सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद थे। एटक की सदस्यता ग्रहण करने वाले प्रमुख पदाधिकारियों में बीएमएस से अजय राठौर और इंटक से रामकुमार कौशिक शामिल रहे। इन दोनों ने अपने साथियों सहित लगभग 120 कोयला कर्मियों को एटक से जोड़ने में भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान एटक केंद्रीय अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 'एटक मजदूरों की असली आवाज है। आज देशभर में श्रमिक अधिकारों पर जो चुनौतियां हैं, उनका मुकाबला केवल एकजुट होकर ही किया जा सकता है। एटक मजदूरों की लड़ाई सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों स्तरों पर मजबूती से लड़ रहा है। जो साथी आज हमारे साथ जुड़े हैं, वे श्रमिक आंदोलन की नई ताकत बनेंगे।' उन्होंने आगे कहा कि एटक संगठन सदैव श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और उनके सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए समर्पित रहा है। एटक से जुड़ना सिर्फ संगठन परिवर्तन नहीं, बल्कि 'श्रमिक चेतना और एकता का संकल्प' है। केंद्रीय महामंत्री अजय विश्वकर्मा ने कहा कि कोरबा जैसे औद्योगिक जिलों में श्रमिकों के हितों की रक्षा हेतु एकजुटता समय की मांग है। उन्होंने कहा कि एटक का उद्देश्य किसी के विरोध में नहीं बल्कि मजदूर हितों के समर्थन में मजबूत मंच तैयार करना है। केंद्रीय उप महामंत्री बी. धर्मा राव ने कहा कि कोरबा, गेवरा और दीपका परियोजनाएं देश की ऊर्जा आपूर्ति की रीढ़ हैं, और यहां कार्यरत श्रमिकों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में नवनियुक्त सदस्यों को एटक संविधान की प्रति वितरित की गई और सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई कि वे श्रमिक हितों के लिए संघर्ष और संगठन के सिद्धांतों का पालन करेंगे, कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी गोपाल यादव (कार्यवाहक अध्यक्ष एटक) ने निभाई तथा आभार केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने किया।

## जिला स्तरीय राज्योत्सव का समापन आज

**कोरबा।** जिला प्रशासन द्वारा छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस रजत जयंती वर्ष के अवसर पर तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन डां. भीमराव अंबेडकर ओपन थियेटर घंटाघर चौक में 02 नवंबर से किया जा रहा है। जिला स्तरीय राज्य उत्सव का समापन के अवसर पर 04 नवंबर को कवि सम्मलेन का आयोजन किया गया है। साथ ही स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आम नागरिकों से राज्योत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम का आनंद उठाने की अपील की है ।

# माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा डीएलएड ब्लू प्रिंट निर्माण कार्यशाला संपन्न

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर एवं परख, एनसीईआरटी नई दिल्ली के संयोजन में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के मंशानुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पूरे भारत देश में सभी बोर्डों की परीक्षा प्रश्नपत्रों में एकरूपता लाये जाने की पहल की जा रही है।

इसी अनुक्रम में छ.ग. मा.शि.मंण्डल अध्यक्ष श्रीमती रेणु जी. पिल्ले के संरक्षण एवं सचिव श्रीमती पुष्पा साहू के आदेशानुसार, एनसीईआरटी नई दिल्ली, परख विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. इन्द्राणी भादुरी के निर्देशन पर उपसचिव विद्योचित डॉ. बी. रघु के मार्गदर्शन में एवं श्रीमती प्रीति शुक्ला प्रभारी उपसचिव प्रशासनिक के सहयोग से 29 से 31 अक्टूबर को तीन दिवसीय डी.एल.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के ब्लूप्रिंट निर्माण प्रशिक्षण सह-कार्यशाला मंडल कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। विषय प्रवेश के पूर्व शिक्षा के उद्देश्यों पर प्रासंगिक चर्चा की गई। पाठ्यक्रम का ज्ञान, प्रश्न पत्र निर्माण एवं मॉडरेशन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुमार साहू, श्रीमती मनीषी सिंह, श्रीमती शिवा सोमवंशी, श्रीमती अलका जैन, अहर्लिश पॉल, डॉ. रीता चैबे, डॉ. माधुरी बोरेकर ने प्रशिक्षण प्रदान करते हुए कार्यशाला सह प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुणवत्तायुक्त प्रश्नपत्र निर्माण करने के लिए ब्लूप्रिंट का ज्ञान व जानकारी आवश्यक है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत डी.एल.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के नवीन ब्लू प्रिंट 06 डोमेन के आधार पर ज्ञानात्मक अंतर्गत परिभाषा, सिद्धांत, तथ्यों को पहचानना, सूचना इत्यादि पर आधारित स्मरण क्षमता पर आधारित प्रश्न, अवबोधात्मक के अंतर्गत अर्थ, व्याख्या, अंतर स्पष्ट करना, वैचारिक समझ, भावानुवाद, अनुप्रयोगात्मक अंतर्गत उदाहरण सहित, संदर्भ और समझ के आधार पर दी गई नयी परिस्थिअितयों को समझना, सिद्धांत के समाधान, हल निकालना, विश्लेषणात्मक के अंतर्गत वर्गीकृत, तुलनात्मक, व्याख्या विभिन्न स्त्रोंतों पर आधारित विशेष जानकारी को समाहित करना, एकीकरण, सुसंगठित, करना, अंतर, मूल्यांकन के अंतर्गत मूल्यांकन करना, समीक्षा करना, मूल्य निर्धारण, निष्कर्ष निकालना, चयन करना, तर्क आधारित, रचनात्मक अंतर्गत सृजन करना, पूर्वानुमान, योजना बनाना, परिकल्पना करना, संगठित करना के आधार पर नया ब्लूप्रिंट तैयार किया गया। प्रशिक्षण में ब्लूप्रिंट अवधारणा, शैक्षिक उद्देश्यों पर आधारित प्रश्न एवं प्रश्नों के प्रकार, संतुलित प्रश्नपत्र निर्माण के सोपान, शैक्षिक उद्देश्यों आधारित अपने विषय के प्रश्नों का निर्माण किया। एक लंबे अंतराल के बाद छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल में डी.एल.एड. पाठ्यक्रम के लिए इस तरह की ब्लूप्रिंट निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई। डाइट कोरबा से व्याख्याता श्रीमती जसप्रीत कौर फ्लोरा ने डी.एल.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के अंग्रेजी विषय एवं व्याख्याता श्रीमती रिंकू लोध ने शालेय संस्कृति, विकास एवं नेतृत्व विषय के ब्लूप्रिंट निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## स्टॉल में उमड़ रही भीड़

**कोरबा ।** कोरबा शहर के घन्टाघर चौक स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर ओपन आडिटोरियम परिसर में तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया गया। यहाँ विभिन्न विभागों द्वारा शासन की कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी और योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में जनसंपर्क विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। जिले के 25 वर्ष के विकास प्रगति तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी प्रदर्शित की गई। जिले के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, युक्तियुक्त करण एवं अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति से विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार, जल जीवन मिशन अंतर्गत लगे नल, पहाड़ी कोरवाओं के युवा बेरोजगारों को मिली नौकरी के बाद जीवन में सकारात्मक परिवर्तन, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य योजनाओं के लाभ से जीवन में आए बदलाव को बताया गया।स्टॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन, सुशासन तिहार 2025, सेवा समर्पण सुशासन, नवाचार की योजनाएं, विकसित भारत की ओर बढ़ते छत्तीसगढ़ सहित अन्य ब्रोसर,पाम्पलेट व पत्रिकाओं का वितरण भी आमनागरिको को किया गया। यहाँ से शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर युवाओं द्वारा बताया गया कि जनमन जैसी पत्रिका उनके लिए बहुत उपयोगी है। पत्रिका में शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी होती है। जो कि प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में काम आती है। साथ ही आमजनों को स्टॉल में लगी फोटो प्रदर्शनी के माध्यम अनेक विभागीय योजनाओं की भी जानकारी प्राप्त हुई।

# सांसद ने स्वाभिमान का प्रतीक बताया राज्योत्सव को

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 वर्ष के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल मैदान में आयोजित 2 से 4 नवम्बर तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का मुख्य अतिथि जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े ने शुभारंभ किया। अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल पर लगाये गये विभिन्न विभागों द्वारा 25 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी व स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर आज हाईस्कूल मैदान जांजगीर में विभिन्न विभागों द्वारा छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों में आधारित विकास कार्यों की प्रदर्शनी और शालेय छात्र-छात्राओं व स्थानीय कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।



इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता आनंद मिरी, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष रेखा देवा गढ़ेवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन यादव, जिला पंचायत सदस्य उमा राजेंद्र राठौर, जिला पंचायत सदस्य प्रमिला साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रियंका सिंह, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, अमर सुल्तानिया, इंजी. रवि पांडेय, देवेश सिंह, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, वन मंडलाधिकारी हिमांशु डोंगरे व लोग उपस्थित थे। मुख्य अतिथि जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि यह दिन हर छत्तीसगढ़वासी के लिए गर्व और आत्मसम्मान का प्रतीक है। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया। सांसद ने कहा कि छत्तीसगढ़ केवल एक नया राज्य नहीं बल्कि नई पहचान और दिशा का प्रतीक बन चुका है।

उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयासों को सराहते हुए कहा कि प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की नई दिशा दी जा रही है। उन्होंने महतारी वंदन योजना का उदाहरण देते हुए मातृशक्ति को सशक्त बनाने के प्रयासों की जानकारी दी। विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि राज्य का गठन हमारे पुरखों के सपनों और संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने जांजगीर-चांपा के कृषि और ग्रामीण विकास पर जोर देते हुए कहा कि फसल चक्र परिवर्तन, सिंचाई विस्तार और तकनीकी सुधार के माध्यम से जिले को दोहरी फसल वाला जिला बनाने का प्रयास किया जाएगा।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि 25 वर्षों की यात्रा में छत्तीसगढ़ केवल एक राज्य नहीं, बल्कि जनता के सपनों की साकार अभिव्यक्ति बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जीवनदायिनी नदिया, सिंचाई और कृषि प्रगति इसे विकास के पथ पर अग्रसर बना रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा नए विधानसभा भवन का उद्घाटन और प्रदेश के भविष्य के लिए किए गए विकास कार्यों का भी उल्लेख किया।

## गायत्री मंदिर प्रज्ञा पीठ में देव दिवाली उत्सव, श्रद्धालुओं ने दीप जला मनाई खुशी

**जांजगीर।** गायत्री मंदिर प्रज्ञा पीठ में देव दिवाली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण दीपमालाओं से आलोकित हो उठा। श्रद्धालुओं ने दीपदान कर भगवान शंकर और मां लक्ष्मी की आराधना की। कार्यक्रम के दौरान रामकली यादव ने देव दिवाली के महत्व को बताते हुए कहा कि इस दिन भगवान शंकर ने त्रिपुर नामक राक्षस का वध किया था, इसलिए इसे त्रिपुरारी पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है। काशी के घाटों की तरह यहाँ भी श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर पूजन-अर्चन किया। चमेली शुक्ल ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन दीपदान का विशेष महत्व होता है। दीपदान करने से पापों का नाश होता है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इस अवसर पर किरण सिंह, अनुराधा शुक्ला, रितु साहू, छाया शर्मा, बबीता पांडे, हेमलता यादव, शशि राठौर, अभिलाष सिंह, नम्रता सिंह, तृप्ति पांडे, शकुंतला पांडे सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने मां लक्ष्मी की आरती में भाग लिया और पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभा यादव द्वारा सभी महिलाओं को प्रसाद वितरण किया गया।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर गाड़ियों की भिड़ंत में दो लोग जख्मी

**पंतोरा।** सोमवार की शाम पंतोरा ग्राम में दो अलग-अलग सड़क हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहले हादसे में बलौदा ब्लॉक के पंतोरा चौकी के पीछे तेज रफ्तार बाइक चालक झपकी आने के कारण संतुलन खो बैठा। बाइक का रफ्तार अधिक होने के कारण चालक डिवाइडर से टकराया और उसके दोनों हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

दूसरा हादसा पंतोरा-खिसोरा जंगल में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ, जहां बाइक और ट्रैक्टर की टक्कर में बाइक सवार के साथ उसकी पत्नी और बच्चा घायल हो गए। मौके पर पुलिस तुरंत पहुंची और घायल लोगों को बिना समय गंवाए बलौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस ने सड़क हादसों की जांच शुरू कर दी है और लोगों से अपील की है कि सड़क पर वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने चलाया जागरूकता अभियान

**रायगढ़ा।** ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल छल की बढ़ती प्रवृत्ति के विरुद्ध एक सशक्त कदम उठाते हुए, रायगढ़ जिला पुलिस ने साइबर खतरों से नागरिकों की सुरक्षा को मज़बूत करने के लिए एक व्यापक साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान शुरू किया है। यह अभियान 19 अक्टूबर को शुरू हुआ और सभी थाना क्षेत्रों के निवासियों तक पहुंच गया है।जमीनी स्तर पर लोगों की भागीदारी, मोबाइल प्रचार वैन, और सांस्कृतिक प्रदर्शनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में इंटरैक्टिव कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। शैक्षणिक संस्थान गतिविधियों के जीवंत केंद्र बन गए हैं, जहां क्विज़ प्रतियोगिताएं और रील प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इनमें सक्रिय भागीदारी देखी गई है और डिजिटल जागरूकता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। कोरापुट चौक से गोविंद देव हाई स्कूल तक 5 किलोमीटर की महत्वपूर्ण रोड रन और 1 किलोमीटर की वॉकथॉन आयोजित की गई, जिसमें लगभग 1,500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक स्वाति एस. कुमार ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

## कई मांगे पूरी नहीं हुई, धान खरीदी व्यवस्था को देखने वाले कर्मचारी गए हड़ताल पर

**जांजगीर।** धान खरीदी शुरू होने से पहले ही संकट के बादल मंडरा गए हैं। जिले के 129 सहकारी समिति कर्मचारी और धान खरीदी ऑपरेटर अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

कर्मचारियों ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगे नहीं मानती, तब तक खरीदी केंद्रों में कोई काम नहीं होगा। इस हड़ताल से आगामी 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी प्रक्रिया पर असर पड़ सकता है। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ और धान खरीदी ऑपरेटर संघ ने संयुक्त रूप से आंदोलन की घोषणा की है। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार शासन-प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। वे लंबे समय से सुरक्षा, मानदेय वृद्धि और नियमितिकरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। कर्मचारियों ने पहले सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा गया है कि जब तक उनकी चारों मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

बता दें कि इस साल एग्रीस्टैक पंजीयन को अनिवार्य कर दिया गया है। बहुत से किसानों का खसरा सत्यापन होना बाकी है। करीब 400 किसानों का एग्रीस्टैक पंजीयन नहीं हुआ है। किसान समितियों में पंजीयन हुए एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीकृत खसरा की जानकारी लेने के लिए अभी भी पहुंच रहे हैं।

कर्मचारियों की 4 मांगें 6 धान खरीदी केंद्रों में कार्यरत ऑपरेटरों की भर्ती अब ठेके या आउटसोर्सिंग के माध्यम से न की जाए, बल्कि नियमित पदों पर की जाए। 6 भविष्य में की जाने वाली भर्तियों में सहकारी समितियों के वर्तमान कर्मचारियों को 50 प्रतिशत वरीयता दी जाए। 6 कर्मचारियों को धान खरीदी कार्य में उनके योगदान के अनुसार उचित सुखत (प्रोत्साहन राशि) प्रदान की जाए। 6 समितियों को 3 लाख रुपए की अनुदान राशि दी जाए, प्रत्येक समिति को उनके संचालन और संसाधन सुधार हेतु 3,00,000 की अनुदान राशि दी जाए।

## सड़कों पर विशाल गड्ढे बनने से हादसे को मिल रहा आमंत्रण

**जांजगीर।** पामगढ़ से डोंगाकोहरौद मार्ग की खराब हालत से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार को चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। यह मार्ग जिला जांजगीर-चांपा को राजधानी रायपुर से जोड़ता है और इस पर कई गांवों के बच्चे, डिलीवरी वाहन और जनता का आवागमन होता है। स्थानीय सरपंच हिर्री आशा बाई ने बताया कि सड़क में बड़े गड्ढे हैं और कई जगह पानी जमा रहता है, जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है। प्रशासन को कई बार शिकायत करने के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्राम पंचायत कोसीर के सरपंच अंजीरा भानू ने कहा कि यह समस्या गंभीर है और बच्चों और आम लोगों की जान के लिए खतरा बन गई है। यदि प्रशासन ध्यान नहीं देता है, तो शुक्रवार सुबह 10 बजे अम्बेडकर चौक पर चक्का जाम किया जाएगा। इस आंदोलन का समर्थन डोंगाकोहरौद, कोसीर, धनगांव, ससहा, कुटराबोड़, हिरी, भिलोनी और सिरी सहित कई ग्राम पंचायतों के सरपंचों और ग्रामीणों ने किया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति न केवल दुर्घटनाओं का कारण बन रही है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों पर



## धान की फसल खराब, किसान ने मांगा मुआवजा, 15 दिन बाद भी नहीं हुई जांच

**मालखरौदा।** अनुविभाग क्षेत्र के ग्राम बड़े सीपत के किसान गजेंद्र कुमार लहरे ने अपनी धान की फसल के नुकसान का मुआवजा दिलाने के लिए प्रशासन और कृषि विभाग से गुहार लगाई है। किसान का कहना है कि लगातार आवेदन देने के बावजूद अब तक किसी अधिकारी ने मौके पर जांच नहीं की, जिससे वह भारी चिंता में है।

गजेंद्र लहरे ने बताया कि उन्होंने लगभग 3 एकड़ से अधिक भूमि में धान की फसल बोई थी, लेकिन बेमौसम बारिश और कीट व्याधि के कारण करीब 82 प्रतिशत फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। उन्होंने इस संबंध में 15 अक्टूबर को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी और 17 अक्टूबर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मालखरौदा रूपेंद्र पटेल को आवेदन देकर मुआवजा दिलाने की अपील की थी। साथ ही उन्होंने अपनी शिकायत प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल में भी दर्ज कराई है। किसान का आरोप है कि पंद्रह दिन बीतने के बावजूद न तो राजस्व विभाग और न ही कृषि विभाग का कोई अधिकारी फसल का मुआयना करने पहुंचा है। इससे उन्हें भारी



आर्थिक नुकसान की आशंका है। उनका कहना है कि यदि जल्द फसल क्षति का मुआवजा नहीं मिला तो वे लाखों रुपए के कर्ज में डूब जाएंगे और परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो जाएगा।

## जिले की 120 पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया गया

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह की रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। विभाग के अनुसार ऐसे ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जा रहा है, जहां विगत दो वर्षों में किसी भी प्रकार का बाल विवाह प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है। इसी क्रम में बम्हनीडीह विकासखंड के 59 ग्राम पंचायत और बलौदा विकासखंड के 61 ग्राम पंचायत, कुल मिलाकर 120 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जांजगीर-चांपा ने जानकारी दी कि उक्त ग्राम पंचायतों से प्राप्त दस्तावेजों की जांच में पाया गया कि पिछले दो वर्षों के दौरान इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का बाल विवाह नहीं हुआ है। नियमानुसार इन ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया जाएगा और उन्हें प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इसके साथ ही विभाग ने दावा-आपत्ति के लिए 7 दिवस का समय निर्धारित किया है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था या संगठन को इस घोषणा पर कोई आपत्ति है या किसी ग्राम पंचायत में बाल विवाह का कोई मामला संज्ञान में है, तो वे विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के भीतर अपना दावा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जांजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़) के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक कार्यालय समय में, लिखित रूप में तथा आवश्यक साक्ष्यों एवं दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया जाना होगा।

## श्रीमद भागवत कथा में उमड़े भक्त, भारत मां की आरती की

**बाराद्वार।** चोरिया में सरस्वती शिशु मंदिर, पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से 31 अक्टूबर से 8 नवंबर तक नौ दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ एवं भारत माता पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया। इसका आगाज कलश यात्रा के साथ हुआ। शुक्रवार को धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें चोरिया के लोगों, महिलाओं और युवाओं ने गाजे-बाजे के साथ हिस्सा लिया। कलश यात्रा गांव के विभिन्न वार्डों का भ्रमण करने के बाद कथा स्थल पर संपन्न हुई। इसके बाद पंडितों द्वारा कलश पूजन कराया गया और पहले दिन की कथा सुनाई गई।

## जीवन प्रमाण पत्र बनाना पेंशनरों के लिए हुआ आसान

**जांजगीर।** पेंशनरों के लिए बड़ी सुविधा की घोषणा की गई है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में सक्ती में आयोजित बैठक में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 की जानकारी दी गई। बैठक में पेंशनर संघों, बैंक शाखा प्रबंधकों और जिले के कोषालय अधिकारियों ने भाग लिया।

कलेक्टर तोपनो ने बताया कि डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र 4.0 संस्करण फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक पर आधारित है। इसके माध्यम से पेंशनर अब घर बैठे ही अपने मोबाइल फोन या कंप्यूटर के जरिए जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने जिले के सभी पेंशनरों को इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। नई डिजिटल प्रक्रिया के अनुसार, पेंशनरों को अब जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बैंकों, कार्यालयों या सीएससी केंद्रों तक जाने की आवश्यकता



नहीं होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रयासों से यह सुविधा शुरू की गई है। केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त सहयोग से यह अभियान 1 से 30 नवम्बर तक संचालित होगा।

कलेक्टर ने बताया कि सक्ती जिला मुख्यालय के सियान सदन में 06 नवम्बर से विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक और कोषालय की टीम पेंशनरों को प्रमाण पत्र बनाने में मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करेगी। जांजगीर 7 कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर जिले में चल रही योजनाओं और आगामी कार्यों की समीक्षा की। बैठक में शासन की प्राथमिक योजनाओं, सड़क निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, धान खरीदी सीजन और रोजगार व लोन मेले की तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया गया। कलेक्टर महोबे ने कहा कि आगामी राज्योत्सव 2 से 4 नवम्बर तक शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न विभागों के जनकल्याणकारी स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें 25 वर्षों की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्टॉल पर नागरिकों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, जैसे पीएम सूर्य घर योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, फसल चक्र परिवर्तन और वय वंदना योजना।

## बंसुला पंचायत में सड़क किनारे हो रहा कब्जा

**करनौद।** ग्राम पंचायत बंसुला में मुख्य सड़क किनारे मरघट्टी के पास शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ व्यक्तियों ने इस सरकारी जमीन पर कब्जा कर खेती शुरू कर दी है। यह भूमि पहले सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित थी और इस पर पहले मुक्तिधाम का निर्माण कराया गया था, जिससे गांववासियों को सुविधा मिलती थी।



ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण यह समस्या बढ़ती जा रही है और भविष्य में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सुरेश यादव ने बताया कि मुक्तिधाम के पास चबूतरा निर्माण के लिए जो जमीन बची थी, उसी पर कब्जा किया गया है। उन्होंने ग्राम पंचायत, सरपंच और अन्य पंचों से आग्रह किया कि वे इस मामले पर गंभीरता से ध्यान दें और शासकीय भूमि को सुरक्षित रखें। स्थानीय नागरिकों ने राजस्व प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि तुरंत मौके का निरीक्षण कर अवैध कब्जा हटाया जाए और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो अन्य लोग भी शासकीय भूमि पर कब्जा करने का साहस करेंगे, जिससे क्षेत्र में अराजक स्थिति पैदा हो सकती है। सरपंच ने कहा कि उन्हें अवैध कब्जे की जानकारी नहीं है और वे मौके पर जाकर स्थिति का पता लगाएंगे। ग्रामीणों और पूर्व सरपंच प्रतिनिधि की चेतावनी के बाद प्रशासन की सक्रियता पर लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं।

## जीवन में एक या आधी घड़ी के लिए भी कथा सुन ली तो उद्धार

**शिवरीनारायण।** श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ में महंत रामसुंदर दास सम्मिलित हुए। उन्होंने व्यास पीठ पर आचार्य पं. लक्ष्मणेश्वर प्रसाद तिवारी का शॉल, श्रीफल से सम्मान किया। आचार्य ने भी आशीर्वाद प्राप्त कर उन्हें पुष्पमाला और शॉल भेंट की।

इस दौरान महंत ने श्रोताओं को आशीर्वचन देते हुए कहा, देश काल और परिस्थितियों को देखकर दिया दान ही सार्थक होता है। बैकुंठ चतुर्दशी पर यह कार्यक्रम होना सौभाग्य की बात है। भगवान की कथा जीवन में एक घड़ी, आधी घड़ी या उससे भी कम मिल जाए, तो भी जीवात्मा का उद्धार हो जाता है। पूर्वजों के पुण्य प्रताप से इस तरह के आध्यात्मिक कार्यक्रम होते हैं। भगवान राजीव लोचन के चरणारविंद में बैठकर कथा सुनने का सौभाग्य मिलना हम सबके लिए गौरव की बात है।

आचार्य ने कहा कि संत-महात्माओं के दर्शन ईश्वर की कृपा का प्रतिफल है।

## सड़कों पर आवारा पशुओं का कब्जा, यातायात बाधित

**अकलतरा।** नगर की मुख्य सड़कों पर इन दिनों आवारा पशुओं का जमावड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। कॉलेज रोड, नगर पालिका परिषद कार्यालय मार्ग और तहसील कार्यालय पहुंच मार्ग पर दिन-रात आवारा मवेशियों के बैठने से न केवल यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है, बल्कि आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार भी हो रहे हैं। नगरवासियों ने नगर पालिका परिषद की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। शाम होते ही कॉलेज रोड से लेकर तहसील कार्यालय मार्ग तक सैकड़ों की संख्या में गायें, बैल और बछड़े सड़कों के बीच बैठ जाते हैं। इससे वाहन चालकों को रास्ता निकालने में भारी दिक्कत होती है। आए दिन मोटरसाइकिल और स्कूटी सवार इन पशुओं से टकराकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है, क्योंकि कई बार अचानक सड़क पर बैठे पशु भाग खड़े होते हैं, जिससे वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं। नगर के लोगों ने जिला प्रशासन और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि नगर में आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या पर तत्काल संज्ञान लिया जाए। नागरिकों ने मांग की है कि नगर पालिका परिषद नियमित रूप से अभियान चलाकर सड़कों से आवारा पशुओं को हटाए।



## मैनपाट में पश्चिम बंगाल के युवक की हत्या

**सरगुजा।** जिले के मैनपाट ब्लॉक के कुदारीडीह में एक युवक की हत्या हो गई है। युवक पश्चिम बंगाल का निवासी है। वह अपने साथी के साथ बिल्डर्स द्वारा बनवाए जा रहे कालोनी में मिस्त्री का काम करने आया था। युवक का साथी घटना के बाद से फरार है। युवक का सिर पत्थर से कुचल दिया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। मामला कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, मैनपाट के कुदारीडीह में निर्माणाधीन वसुंधरा सिटी कालोनी में काम करने के लिए पश्चिम बंगाल निवासी दो युवक मिस्त्री का काम करने कुछ माह पूर्व आए थे। दोनों कुदारीडीह में कालोनी के वर्करों के लिए बनाए गए झोपड़ी में रहते थे। इनमें से एक युवक राजू (24 वर्ष) का खून से लथपथ शव मंगलवार सुबह खुले में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने शव को देखा और सूचना पुलिस को दी।

घटना की सूचना पर कमलेश्वरपुर थाना प्रभारी मनोज प्रजापति के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रथम दृष्टया युवक की सिर कुचलकर हत्या की गई है। युवक के शरीर पर चोटों के निशान हैं। पूछताछ में ग्रामीणों ने बताया कि बीती रात दोनों युवकों के बीच विवाद हुआ था। दोनों शराब के नशे में धुत थे। साथी युवक घटना के बाद फरार है।

## डंप यार्ड से लोहे के वेस्ट की चोरी

**रायगढ़।** कोतररोड पुलिस ने जेएसपीएल कंपनी के डंप यार्ड से लोहे का वेस्ट मटेरियल चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से दो ट्रेलर वाहन, तीन मोबाइल और 36 सौ किलोग्राम लोहे का वेस्ट मटेरियल जब्त किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 20 लाख रुपए बताई जा रही है। जेएसपीएल के महाप्रबंधक जनसंपर्क हेमंत वर्मा ने 1 नवंबर को कोतररोड़ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि कलमी स्थित कंपनी के डंप यार्ड में लोहे का एक्रिशन वेस्ट मटेरियल रखा हुआ था। जो कि गायब मिला।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा ( छत्तीसगढ़ )**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र./निर्माण/2025 दिनांक 30.10.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत सर्वमंगला नगर जोन अंतर्गत 10 शासकीय स्कूलों में बालक-बालिका शौचालय का निर्माण कार्य। (जि.ख. न्या.मद)(प्रथम निविदा) | 50.00 | 21.11.2025 (T.No.178299) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट **www.korbamunicipal.in** पर भी देखी जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम**
**कोरबा ( छत्तीसगढ़ )**

## अनमोल वचन......

एक सामान्य जिंदगी जीने के लिए इंसान को रोटी कपड़ा मकान के अलावा अगर इंसान को किसी चीज की सबसे ज्यादा जरूरत होती है तो वो है सिर्फ शिक्षा।

# डॉनल्ड ट्रंप की कार्यशैली

ट्रंप के लिए गोल-पोस्ट बदल लेना आम बात है। रूस से तेल खरीदारी रुकवाने तक वे सीमित रहेंगे, यह सोचना भूल है। ब्रिक्स+ से अलगाव और भारतीय पूंजी का अमेरिका में निवेश करवाना उनकी अगली प्राथमिकताएं हो सकती हैं।

भारत सरकार जिसे पहले देश की ऊर्जा जरूरतों के मुताबिक अपना संप्रभु निर्णय कहती थी, उस मामले में झुकने का संकेत देकर उसने सारी दुनिया में बहुत गलत संदेश भेजा है। ताजा घटनाओं से अमेरिकी राष्ट्रपति का यह दावा सच होता दिखा है कि इस वर्ष के अंत तक रूस से कच्चे तेल की खरीदारी रोक देने का गुपचुप आश्वासन उन्हें दिया गया। इन खबरों के बाद चर्चा फिर गर्म है कि द्विपक्षीय व्यापार वार्ता पर दोनों देश सहमति की ओर बढ़ रहे हैं। कुछ मीडिया रिपोर्टों में तो यहां तक बताया गया है कि अब समझौते का प्रारूप लिखा जा रहा है। प्रस्तावित समझौते में कृषि एवं डेयरी क्षेत्रों को अमेरिकी उत्पादों के लिए खोलने की ट्रंप प्रशासन की मांग पर भारत कहां तक झुकेगा, यह अभी साफ नहीं है। मगर वह सिर्फ एक मुद्दा है। डॉनल्ड ट्रंप की कार्यशैली से जाहिर है कि ट्रेड डील उनके लिए सिर्फ व्यापार घाटा पाटने का जरिया नहीं है। बल्कि इसे उन्होंने अमेरिका के व्यापक भू-राजनीतिक हितों को साधने का औजार बना रखा है। ऑपरेशन सिंदूर रुकवाने के संदर्भ में उनके दावे भी इसी बात की पुष्टि करते हैं। फिलहाल एक विज्ञापन को आधार बना कर जिस तरह उन्होंने कनाडा से व्यापार वार्ता तोड़ दी, उससे यही संकेत मिला है कि ट्रंप के लिए गोल-पोस्ट बदल लेना आम बात है। यानी वे रूस से तेल खरीदारी रुकवाने तक सीमित रहेंगे, यह सोचना भूल है।

ट्रंप ने ब्रिक्स+ को निशाने पर ले रखा है, जिससे भारत को अलग करवाना उनका अगला मकसद बन सकता है। फिर भारतीय पूंजी का अमेरिका में निवेश करवाना उनकी आगे की प्राथमिकता हो सकती है। व्यापार समझौतों में उन्होंने ऐसा करने के लिए कई देशों को मजबूर किया है। यह साफ है कि जो देश कमजोरी दिखाते हैं, उनके ऊपर और चढ़ते जाना उनकी कार्यशैली का हिस्सा है। इसीलिए ताजा घटनाक्रम भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय है। झुक कर किया गया ट्रेड डील भारत की स्वायत्त पहचान पर कलंक लगाएगा, जिसका खराब असर अन्य द्विपक्षीय रिश्तों पर पड़ सकता है। इसलिए जरूरी है कि केंद्र अभी से भी संभल जाए।

## राशिफल

**मेष राशि-** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप अपने निजी जीवन में चली आ रही परेशानियों को खत्म करने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। कार्य क्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। सरकारी नौकरी पाने का प्रयास कर रहे हैं लोगों को नए अवसर मिलने की संभावना है।

**वृष राशि-** आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। इस दौरान आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। जिससे आपकी निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। व्यापार के विकास में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेंगे।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। नौकरी में ट्रांसफर के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। परिवार के साथ आप खूबसूरत जगहों पर घूमने जा सकते हैं। ज

**कर्क राशि-** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपके प्रयासों से सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ की संभावना बनेगी। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए अच्छी पदोन्नति मिलेगी। आप अपने काम के कारण काफी व्यस्त रहेंगे और परिवार को समय कम दे पाएंगे।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र के सकारात्मक माहौल में काम करने को मिलेगा। कलीग्स के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आज आप नया काम शुरू करेंगे। जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आप दूसरों की मदद करने की हर संभव कोशिश करेंगे।

**कन्या राशि-** आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज खुशखबरी मिलेगी, जिससे आपके चेहरे पर पूरे दिन मुस्कान बनी रहेगी। नौकरी में प्रमोशन की आपकी प्रतीक्षा समाप्त होगी। नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे। आज आप घर परिवार की समस्याओं को सुलझाने में कामयाब रहेंगे। आपके लिए आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी।

**तुला राशि-** आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं। आपकी सैलरी बढ़ सकती है। जमीन जायदाद के मामलों में कुछ समस्या आएगी, लेकिन कोर्ट कचहरी में आपको सफलता मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास मजबूत बनेगा।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलीयत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में काम का बोझ बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। लेकिन आप कार्यक्षेत्र और घर को अच्छी तरह तालमेल बनाकर रखेंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। संतान को लेकर उलझने दूर होगी। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**धनु राशि-** आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपको अपनी नौकरी में उत्तम परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे, लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे। आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी। आपकी बचत योजनाएं कामयाब रहेंगी। आपको निवेश करने का सुनहरा मौका मिलेगा।

**मकर राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने के अनेक मौके मिलेंगे। रिश्तेदारों के साथ छोटी मोटी यात्रा हो सकती हैं, आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तों में आपसी प्रेम बढ़ेगा। किसी पुराने विवाद को लेकर न्यायालय का फैसला आपके पक्ष में हो सकता है।

**कुंभ राशि-** आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे, इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा। आपको किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। आपके पारिवारिक जीवन में सुख शांति रहेगी। आप अपने जीवनसाथी के साथ घर की जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल रहेंगे। व्यापार में उन्नति की संभावना है।

**मीन राशि-** आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां देखने को मिलेंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

# ट्रंप ने कूटनीति को रियलिटी शो में बदला, जो खेल मोदी के साथ खेला अब वही जिनपिंग के साथ खेलने लगे

//नीरज कुमार दुबे //

**हम आपको बता दें कि ट्रंप ने अमेरिकी टीवी चैनल "60 Minutes" को दिए इंटरव्यू में कहा कि शी जिनपिंग ने खुले तौर पर कहा÷ है कि जब तक ट्रंप राष्ट्रपति रहेंगे, चीन ताइवान पर कोई कार्रवाई नहीं करेगा, क्योंकि वह परिणाम जानते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर सुर्खियों में हैं और इस बार वजह उनका वह दावा है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनके कार्यकाल के दौरान चीन ताइवान पर हमला नहीं करेगा। यह वही ट्रंप हैं जो कभी दावा करते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे रूस से तेल खरीद कम करने का वादा किया, तो कभी कहते हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम करवा दिया। सवाल उठता है कि क्या ट्रंप सच बोल रहे हैं, या फिर वह अपनी राजनीतिक लोकप्रियता बढ़ाने के लिए झूठे कूटनीतिक किस्से गढ़ रहे हैं?**



हम आपको बता दें कि ट्रंप ने अमेरिकी टीवी चैनल 60 Minutes" को दिए इंटरव्यू में कहा कि शी जिनपिंग ने खुले तौर पर कहा है कि जब तक ट्रंप राष्ट्रपति रहेंगे, चीन ताइवान पर कोई कार्रवाई नहीं करेगा, क्योंकि वह परिणाम जानते हैं। ट्रंप के इस दावे पर सवाल इसलिए उठता है क्योंकि चीन की विदेश नीति को थोड़ा भी समझने वाला व्यक्ति जानता है कि बीजिंग ऐसा कोई आश्वासन नहीं देता। चीन की नीति हमेशा साफ़ रही है कि ताइवान उसका हिस्सा है और राष्ट्रीय एकीकरण उसका लक्ष्य है। ऐसे में शी जिनपिंग का किसी विदेशी नेता से इस विषय पर वादा करना कूटनीतिक रूप से असंभव है। यानी सच कहें तो ट्रंप का यह बयान बेमतलब की डींग लगता है। दरअसल, ट्रंप की राजनीति ड्रामा और धमकी पर टिकी है। वह हर बातचीत को डील बना देते हैं और हर मुलाक़ात को जीत बताने की कोशिश करते हैं। मोदी से लेकर शी जिनपिंग तक, वह ऐसे दिखाना चाहते हैं कि पूरी दुनिया उनके इशारों पर चलती है। लेकिन सच्चाई यह है कि उनके ज़्यादातर दावे झूठे, अप्रमाणित और राजनीतिक प्रचार से ज़्यादा कुछ नहीं हैं। भारत के संदर्भ में भी ट्रंप का रिकॉर्ड साफ़ नहीं है। ट्रंप ने बार-बार कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम करवाया, जबकि भारत ने हर बार स्पष्ट किया कि कश्मीर और द्विपक्षीय मसले में किसी तीसरे देश की कोई भूमिका नहीं हो सकती। फिर भी ट्रंप यह दावा दोहराते रहते हैं क्योंकि इससे वह अपने समर्थकों को यह दिखा सकते हैं कि वे वैश्विक शांति निर्माता हैं। अब वही पुराना खेल उन्होंने चीन के साथ खेलना शुरू कर दिया है। ताइवान पर चीन की आक्रामकता और अमेरिका की रणनीतिक अस्पष्टता पहले से ही तनावपूर्ण विषय हैं। ऐसे में ट्रंप का यह दावा केवल उलझन और अविश्वास बढ़ाता है। यदि शी जिनपिंग ने ऐसा कुछ नहीं कहा और लगभग तय है कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा होगा, इसलिए ट्रंप का यह बयान चीन-अमेरिका संबंधों को और बिगाड़ सकता है।

ट्रंप की इस अनिश्चितता पर भारत के सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने जो टिप्पणी की, वह बहुत सटीक थी। रीवा में बोलते हुए उन्होंने कहा, आज ट्रंप क्या कर रहे हैं, यह शायद खुद ट्रंप भी नहीं जानते कि कल क्या करेंगे। यह वाक्य मज़ाक नहीं, बल्कि एक गहरी टिप्पणी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दुनिया आज अस्थिरता, भ्रम और अनिश्चितता के दौर में है और ट्रंप जैसे नेता इस अस्थिरता को और बढ़ा रहे हैं। देखा जाये तो जनरल द्विवेदी की टिप्पणी में एक चेतावनी छिपी है कि आज के दौर में खतरा सिर्फ़ युद्ध, आतंक या सीमा विवादों से नहीं है, बल्कि उन नेताओं से भी है जो झूठी सूचनाओं, अफ़वाहों और प्रचार को हथियार बना चुके हैं। ट्रंप का हर दावा, हर ट्वीट, हर इंटरव्यू उसी झूठ की राजनीति का हिस्सा है जो तथ्यों से ज़्यादा प्रभाव पर टिके हैं। बहराहल, ट्रंप का ताइवान वाला बयान इस बात का सबूत है कि उनके लिए कूटनीति भी एक रियलिटी शो की तरह है जहां नाटकीयता नीति से बड़ी है और श्रेय सच्चाई से ज़्यादा अहम है। सवाल अब सिर्फ़ इतना नहीं है कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं या नहीं। असली सवाल यह है कि दुनिया कब तक ऐसे नेताओं की भ्रमभरी बयानबाज़ी को गंभीरता से लेती रहेगी।

# वादे और दावे के बीच झूलती बिहार की राजनीति

//सुरेश हिंदुस्तानी //

**राजनीतिक वातावरण में हमेशा से यही प्रचलित धारणा बनी हुई है कि दुश्मन का दुश्मन भी एक दोस्त की तरह ही होता है। कांग्रेस, भाजपा को राजनीतिक विरोधी ही मानती है, इसके साथ ही राजद के विचार भी भाजपा के विपरीत ही हैं। इसलिए बिहार में आज कांग्रेस और राजद एक साथ हैं। बिहार में चुनावी घमासान की हवा चल रही है। प्रमुख राजनीतिक दल इस हवा के रुख को अपनी ओर मोड़ने का जी तोड़ प्रयास भी कर रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी अभी तक कोई भी ऐसी आश्वस्ति पीलिक्षित नहीं हो रही है कि हवा किस ओर बह रही है। राजनीतिक दलों द्वारा किए जा रहे दावे और वादे सत्ता की राह को आसान बनाने की मात्र कवायद ही कही जा सकती है।**

बिहार की राजनीति में चार प्रमुख राजनीतिक दल जोर लगा रहे हैं, बाकी के सभी इनके सहारे सत्ता का स्वाद चखने के लिए लालायित हैं। यह प्रमुख दल अपने ही दल के अंदर उठ रहे भीतरघात के लावे से परेशान हैं। जहां तक राष्ट्रीय जनता दल की बात है तो उनके घर के अंदर से ही विरोध की चिंगारी सुलग रही है। जो भविष्य में बड़ी आग का रूप भी ले सकती है। तेजप्रताप यादव नए दल के साथ चुनावी मैदान में उतरकर तेजस्वी के सपनों को मिटाने का अभियान छेड़े हुए हैं, वहीं उनके पिता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के शासन करने का अंदाज एक बड़ी चुनौती बन रहा है। भारतीय जनता पार्टी एक प्रकार से इसी को चुनावी मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही है। भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि बिहार को विकास चाहिए या फिर जंगलराज चाहिए। लालू प्रसाद यादव के शासन बारे में सर्वोच्च न्यायालय की ओर से इस आशय की टिप्पणी की गई थी कि बिहार में जंगलराज है। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से अपनी सरकार के बारे में बताने के लिए कुछ भी नहीं है, इसलिए राजद के पास केवल भाजपा का विरोध करना ही प्रचार करने का एक मात्र विकल्प है। यह वोट प्राप्त करने का माध्यम तो बन सकता है, लेकिन इसे स्पष्ट रूप से नकारात्मक राजनीति का पर्याय ही माना जाएगा। नकारात्मक राजनीति किसी भी प्रकार से उचित नहीं मानी जा सकती। बिहार की राजनीति में वोट चोरी का मामला भी जोर शोर से उठाया गया। इसका लाभ भी विपक्ष उठा सकता था, लेकिन ऐसा लगता है कि इस मुद्दे को उठाने में विपक्ष ने जल्दबाजी कर दी। चुनाव आयोग की ओर से वोट चोरी के बोर में पक्ष रखने के बाद यह मुद्दा गहरी खाई में समा गया। कांग्रेस और राजद की ओर से जिस प्रकार की राजनीति की जा रही है, वह यही संकेत करती है कि इनको सत्ता प्राप्त करने की जल्दी है। हमारे देश में एक कहावत तो सबने सुनी ही होगी कि जल्दी फायदा कम, नुकसान ज्यादा करती है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव और राहुल गांधी की दोस्ती का परिणाम सभी देख चुके हैं। अब बिहार में राहुल और तेजस्वी एक साथ हैं। राजनीतिक वातावरण में हमेशा से यही प्रचलित धारणा बनी हुई है कि दुश्मन का दुश्मन भी एक दोस्त की तरह ही होता है। कांग्रेस, भाजपा को राजनीतिक विरोधी ही मानती है, इसके साथ ही राजद के विचार भी भाजपा के विपरीत ही हैं। इसलिए बिहार में आज कांग्रेस और राजद एक साथ हैं। विपक्ष की ओर से राजद के नेता तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा भी घोषित कर दिया है। उन पर परिवारवाद की राजनीति का तमगा भी लगा है। इसके कारण भी राजद के अन्य वरिष्ठ नेता मैदान में खुलकर नहीं आ रहे हैं। राजद के कई नेताओं का अंदाज तेज प्रताप को समर्थन देने जैसा ही है। इस प्रकार की राजनीति भितरघात की श्रेणी में आएगी। अगर बिहार में तेजप्रताप अपना राजनीतिक कौशल दिखा पाते हैं तो यह स्वाभाविक तौर पर कहा जा सकता है कि फिर तेजस्वी की राह कांटों भरी ही होगी। दोनों भाइयों के बीच यह राजनीतिक घमासान मात्र नेतृत्व की ही लड़ाई है। यह भी सबको समझ में आ रहा है। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर का चुनावी मैदान में आना राजनीतिक सौदेबाजी करने जैसा ही माना जा रहा है। प्रशांत किशोर जितना जोर दिखाएंगे, उतना ही वह बिहार की राजनीति को प्रभावित करेंगे। यह प्रभाव किसके लिए खतरा बनेगा, यह अभी से कह पाना संभव नहीं है, लेकिन बिहार की राजनीति स्थिति को देखकर यही कहा जा रहा है कि प्रशांत किशोर का फोकस उन वोटों पर अधिक है, जो राजद या कांग्रेस को मिलते हैं। कर्पूरी ठाकुर के परिजन को अपनी पार्टी से उम्मीदवार बनाना भी संभवतः इसी रणनीति का ही हिस्सा है।

जहां तक भाजपा और नीतीश कुमार की जदयू की बात है तो यही कहा जा सकता है कि यह दोनों ही विकास के नाम पर वोट मांग रहे हैं। बिहार को विकास की जरूरत भी है। भाजपा और जदयू को लगता है कि विकास के नाम पर उसे फिर से सत्ता प्राप्त हो जाएगी। इसके विपरीत विपक्ष की ओर से कांग्रेस और राजद की ओर से आम जन के निजी स्वार्थों को कुरेदकर उनको आर्थिक लाभ देने के वादे किए जा रहे हैं। ऐसे वादे लोग को त्वरित लाभ तो दे सकते हैं, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। नौकरियां देना भी असंभव है, इसलिए स्वरोजगार देने का प्रयास करना चाहिए। केन्द्र सरकार इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रही है। जिसके अच्छे परिणाम भी आ रहे हैं। कई लोगों ने अपना जीवन स्तर भी सुधारा है। युवाओं को नौकरी करने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाने का प्रयास करने की आवश्यकता है। बिहार के युवा इस बारे में सोचें, यही बिहार की राजनीति का आधार बने। राजनीतिक दलों को इस बारे में भी सोचना चाहिए। राजनीति को जन भावनाओं के अनुसार ही होना चाहिए। इसके लिए परिवारवाद नहीं, लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए हर राजनीतिक दल को प्रयास करना चाहिए। हालांकि हमारा आशय परिवार के सहारे राजनीति में कदम रखने वाले राहुल और तेजस्वी के राजनीतिक अस्तित्व पर सवाल खड़े करने का नहीं है। हो सकता है कि वे देश की भावी राजनीति के सूत्रधार बनें, लेकिन फिलहाल उनके खाते में ऐसी कोई राजनीतिक उपलब्धि नहीं है, जिसके आधार पर उनका राजनीतिक आंकलन किया जाए। विपक्ष की दूसरी कठिनाई यह है कि इनके पास प्रचार करने वाले जमीनी नेताओं की कमी है, जबकि भाजपा और जदयू में ऐसे नेताओं की लम्बी सूची है। जिसके कारण यह सभी जगह अपना प्रचार करने की योजना बना सकते हैं। अब देखना यह है कि बिहार की जनता किसको पसंद करेगी और किसको नापसंद, यह आने वाले समय में पता चल जाएगा।

# पीके ने लोगों की इमेजिनेशन को कैप्चर किया

बिहार विधानसभा का चुनाव एक तरफ, जहां जातियों के आधार पर बंटा हुआ दिख रही है वही दूसरी ओर प्रबंधन और प्रचार पर टिका हुआ भी है। जन सुराज पार्टी बना कर राजनीति में उतरे चुनाव प्रबंधन के माहिर खिलाड़ी प्रशांत किशोर ने बिहार की पार्टियों और नेताओं को दिखाया कि कैसे प्रबंधन के जरिए, मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए कम समय में लोगों की सोच को प्रभावित किया जा सकता है। उन्होंने प्रबंधन और प्रचार के जरिए बिहार के लोगों की इमेजिनेशन को कैप्चर किया। चुनाव नतीजा क्या होगा, वे कितनी सीटें जीतेंगे, उन्हें कितना वोट मिलेगा यह अलग बात है लेकिन बिना मजबूत जातीय आधार के या किसी टूलकिट की मदद से कोई आंदोलन खड़ा किए बगैर उन्होंने लोगों की सोच और राजनीतिक चर्चाओं में अपनी जगह बनाई। उन्होंने बिहार के मुद्दे उठाए और दशकों बाद पहली बार ऐसा हुआ कि बिहार चुनाव में इनकी बात हुई। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पलायन को लेकर चर्चा हुई। जब प्रशांत किशोर के उठाए मुद्दों पर नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की डबल इंजन की सरकार घिरने लगी तो जातीय, सामाजिक ध्रुवीकरण के मुद्दों के साथ साथ सरकारी फंड से चुनाव चुनाव प्रबंधन का काम शुरू हुआ। प्रधानमंत्री मोदी, जिसे मुफ्त की रेवड़ी कहते थे वह बिहार जैसे गरीब राज्य में ऐसे बंटी जैसे और कहीं नहीं बंटी। चुनाव से पहले सरकार ने खजाना खोल दिया। महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए भेजे गए। सामाजिक सुरक्षा पेंशन को चार सौ से बढ़ा कर 11 सौ रुपया महीना कर दिया गया। 125 यूनिट बिजली फ्री कर दी गई। किसी समूह को 25-25 हजार रुपए टैबलेट खरीदने के लिए दिए गए तो किसी समूह को 10-10 हजार रुपए स्मार्टफोन के लिए दिए गए। सरकार की योजना में सहयोग देने के लिए नियुक्त किए गए हर समूह का मानदेय दोगुना कर दिया। पत्रकारों की पेंशन भी छह से बढ़ा कर 15 हजार रुपए कर दी गई। कोई 60 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की योजनाएं सरकार ने चुनाव से दो महीने पहले घोषित कर दी।बिहार में नीतीश कुमार 20 साल से मुख्यमंत्री हैं। करीब नौ महीने के लिए उन्होंने जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया था लेकिन तब भी सत्ता उनके हाथ में थी। उधर 11 साल से ज्यादा समय से केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार है। तभी बिहार की समस्याओं को लेकर जनता के मन में दोनों को लेकर सवाल हैं। यह सही है कि नीतीश को उखाड़ फेंकने वाला गुस्सा नहीं है लेकिन मतदाता के मन में थकान और ऊब जरूर है, जिसे नकद पैसे या मुफ्त की वस्तुएं और सेवाएं बांट कर दूर किया जा रहा है। मुफ्त की सेवाओं और वस्तुओं के सहारे सत्ता विरोध की भावना को कम किया गया है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर भी चुनाव प्रबंधन का ही हिस्सा था। चुनाव आयोग कुछ भी कहे लेकिन 69 लाख लोगों का नाम कटना मामूली नहीं है। इसमें ज्यादातर नाम ठीक तरीके से कटे हो सकते हैं लेकिन इसके सहारे यह मैसेज बनवाया गया कि सरकार घुसपैठियों को बरदाश्त नहीं करेगी और उनकी पहचान करके उनके नाम वोटर लिस्ट से काटे जा रहे हैं ताकि वे सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले सकें और सरकार चुनने में उनकी कोई भूमिका नहीं रहे।

सरकार में होने के कई और लाभ सत्तारूढ़ दल या गठबंधन को मिलते हैं। अधिकारियों की पोस्टिंग से लेकर सरकारी योजनाओं के जरिए लोगों की नाराजगी दूर की जाती है। यह काम सरकार ने किया है। चुनाव से पहले एक एक करके सारे आयोग और निगमों में अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति की गई। उसके सहारे भी सत्तारूढ़ गठबंधन के दलों के नेताओं की नाराजगी दूर की गई। जातीय समीकरण को साधा गया। इसके बाद जब चुनाव आया तो मीडिया, सोशल मीडिया के बंदोबस्तों के साथ साथ प्रधानमंत्री सहित बड़े बड़े नेताओं के प्रचार की कारपेट बॉम्बिंग, पन्ना प्रमुख, बूथ प्रबंधन, पैसे और साधनों के सहारे चुनाव के प्रबंधन का काम चल रहा है।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के कटिहार में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में एक सार्वजनिक रैली के दौरान सभा को संबोधित करते हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के कटिहार में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में एक सार्वजनिक रैली के दौरान नेताओं से हाथ मिलाते हुए।



कांग्रेस महासचिव और पार्टी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा समस्तीपुर में बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के तहत रोसड़ा में रोड शो करती हुईं।



भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड के देहरादून में उत्तराखंड राज्य के गठन की रजत जयंती के अवसर पर उत्तराखंड विधान सभा को संबोधित किया।



सिक्किम के राज्यपाल श्री ओम प्रकाश माथुर नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करते हुए।



जयपुर के लोहा मंडी रोड पर दुर्घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त डम्पर की तस्वीर।



रंगारेड्डी के चेवेल्ला मंडल में मिर्जागुडा के पास हैदराबाद-बीजापुर राजमार्ग पर एक बजरी से लदे टिपर ट्रक और टीएसआरटीसी बस के बीच आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

# आरजेडी को हराने में लगी है कांग्रेस... पीएम ने रख दी तेजस्वी की दुखती रग पर हाथ, लालू को भी सुनाई कड़वी बातें

**कटिहार , 04 नवंबर [एजेंसी]।**



सर्वथा वीरान रहने वाला कटिहार का भसना स्थित मैदान सोमवार को एनडीए की सभा से गुंजायमान था। मैदान गेरुआमई हो गया था। जय श्रीराम के नारे गूंज रहे थे तो मोदी-मोदी का उदघोष भी हो रहा था। लोग जोश से लबरेज थे। लिहाजा, स्टेज पर लगातार कहा जाता रहा कि जोश में होश भी रखना है।पीएम को देखने व सुनने कटिहार के सात विधान सभा समेत पूर्णिया से लोग समय से बहुत पहले पहुंचे गए थे। पीएम के हेलीकाप्टर की आवाज आते ही लोगों को जोश उफान मारने लगा। मंच पर आते ही पीएम ने भी स्थानीय भाषा में संबोधन की शुरुआत की। नमन करे छिईए। साहित्यकार अनुपलाल, शहीद ध्रुव कुंडू की धरती पर हस सब के अभिनंदन करे छिईए। कोसी मईया, गंगा मईया की संगम भूमि शीतला माता का आशीर्वाद है।महिलाओं की बड़ी भीड़ देखकर पीएम ने मातृ शक्ति को नमन करते हुए संबोधन शुरु की।

इसके पहले मंचासीन प्रत्याशी समेत नेताओं ने पीएम को मखाना का माला पहना व शाल देकर स्वागत किया। पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने मोमेंटो भेंट की। पीएम के मंच पर आने पर लोगों ने अपने मोबाइल का लाइट लगाकर खड़े होकर स्वागत किया। मोदी-मोदी के नारे से पंडाल गूंज उठा। बाद में मोदी ने कटिहार के प्रत्याशी तारकिशोर प्रसाद, बरारी के विजय सिंह, कोढ़ा की कविता कुमारी, प्राणपुर की निशा सिंह, कदवा दुलालचंद्र गोस्वामी, मनिहारी के शंभु सुमन, बलरामपुर की संगीता देवी समेत पूर्णिया सदर के विजय खेमका सहित अन्य एनडीए प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगी। पीएम ने कहा कि बिहार की जनता जो बोला जाता उससे आगे की बात भी समझ लेते हैं। जो जंगल राज लाए उनकी तस्वीर आज पोस्टर बैनर से भी गायब या फिर एक कोने में सिमटी है। अपने पिता का नाम बोलने शर्म लग रही। आरजेडी की घोषणा पर कांग्रेस भी विश्वास नहीं कर रहा है। कांग्रेस बिहार के लिए अपमानजनक बातें करने वालों को बुला रही है। बिहारी को जो गाली देता है उनको बुलाती है ताकि लोगों को गुस्सा राजद को भुगतना पड़े। बिहार के युवा बिहार में ही काम करेंगे। बिहार का नाम भी करेंगे। पीएम ने कहा कि कटिहार समेत पूरे सीमांचल को भरोसा दिलाता हूं कि बिहार का युवा बिहार में ही रोजगार करेगा। स्वरोजगार और आत्मनिर्भर भारत मंत्र है। राजद और कांग्रेस ने कट्टा, अपहरण फिरौती वाले जंगलराज में मीलों और फैक्ट्रियों में ताला लगाने का काम किया है। ये रोजगार क्या देंगे। एनडीए ने एक करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा किया है।कांग्रेस और आरजेडी कट्टरपंथियों के आगे घुटना टेक चुकी है। तीन तलाक का विरोध किया। अब संसद में बने वक्फ कानून को कचरों में फेंक देना चाहती है। हम घुसपैठियों को भगाने की बात करते हैं तो ये लोग वोट के कारण घुसपैठियों के बचाने के समर्थन में खड़े हो जाते हैं। पीएम ने युवा मतदाताओं को पलायन, रोजगार की बातों के साथ ही उनके माता-पिता को जोड़कर साध गए। कहा कि आपके माता-पिता ने एक वोट से जंगलराज से सुशासन राज लाया। अब आपको एक वोट देकर सुशासन से विकसित बिहार बनाना है। बीस साल पहले उस समय में सड़क बनाने की बात होने पर कहा जाता था कि दुर्घटना बढ़ जाएगी। बिजली की कमी पर कहा जाता था कि बिजली आने पर करंट की संभावना रहती है। यह लालटेन युग का सच है। क्रुरता, करप्शन आजेडी की पहचान है। राजद विकास की बातों से कोसो दूर रहता है। आज मजबूरन विकास की बातें कर रहा है। एनडीए ही युवाओं के आकंक्षाओं को पूरा कर सकती है।पीएम अपने अंदाज में युवाओं से संवाद किए।

युवाओं को अपना एक काम सौंपते हुए टास्क दिया। कहा कि हमारा एक संदेश पहुंचाओगे- युवाओं ने कहा-हां, तब पीएम बोले छठ पर्व पा आए प्रवासी को कहना है कि मोदी ने वोट देकर ही वापस जाने का आग्रह किया है। नारी शक्ति को नमन करते हुए पीएम ने कहा कि नीतीश ने बच्चियों को साइकिल दिया तो हमने ड्रोन पायलट बनाया। नीतीश ने जीविका से महिला उत्थान की कवायद की तो हमने लखपति दीदी बनाया। अब दिल्ली से निकला एक-एक पाई सही सलामत लाभुक के खाते में जाता है। राजद और कांग्रेस यह पैसा पहुंचने नहीं देगी।

कटिहार में एक लाख गरीबों का पक्का मकान मिला। जिन राज्यों में एनडीए की सरकार नहीं है वहां पीएम आवास योजना डब्बा में बंद कर दिया जा रहा है। मोदी की तस्वीर सीने में लगाए, हाथ में गदा और सिर पर कमल लिए सभा में पहुंचे श्रवण कुमार ने बताया कि वो पीएम की 163 वी सभा में पहुंचे है। बेगूसराय में कातीब का काम करते हैं। आधा पैसा जमा करते और आधे पैसे से घर का खर्च चलाते हैं। मोदी की सभा समाप्त होते ही पूर्णिया-कटिहार फोरलेन पर भसना चौक के समीप जाम लग गया। करीब एक घंटे तक वाहनों की कतार रेंगती रही।

# सपा के पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति को मिली एक माह की पैरोल, बहन-भाई का उपचार कराने जाएंगे गायत्री



**लखनऊ।** सपा के पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रसाद प्रजापति की एक माह की पैरोल (दंड का अस्थायी निलंबन) स्वीकृत की गई है। वर्तमान में गायत्री न्यायिक अभिरक्षा में लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल में भर्ती है।गायत्री को अपने बड़े भाई अमेठी के ग्राम परसांवा निवासी छेदीराम व छोटी बहन धनपति का उपचार कराने के लिए पैरोल प्रदान की गई है।दुष्कर्म के मामले में लखनऊ जेल में सजा काट रहे पूर्व मंत्री गायत्री पर बीते दिनों सफाई करने वाले बंदी विश्वास ने मामूली विवाद में राड से हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल गायत्री प्रजापति को जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद केजीएमयू लाया गया था। बाद में उन्हें बलरापुर अस्पताज रेफर कर दिया गया था।बहुचर्चित खनन घोटाले में आरोपित गायत्री प्रजापति के विरुद्ध सीबीआई जांच भी चल रही है। मामले में ईडी भी जांच कर रहा है। कारागार प्रशासन ने गायत्री को एक माह की पैरोल प्रदान किए जाने का आदेश जारी किया है। गायत्री को दो जमानतों के साथ एक मुचलका दाखिल करना होगा। मंगलवार को प्रदेश के सभी जिलों में गंगा उत्सव-2025 का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य राज्यस्तरीय आयोजन अयोध्या में पांच नवंबर बुधवार को डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2008 में गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित होने के बाद वर्ष 2017 से यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है। राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के अधिकारियों के मुताबिक सभी 75 जिलों में गंगा उत्सव को भव्यता के साथ आयोजित करने की तैयारी की गई है। जिलों में गंगा समितियों के माध्यम से गंगा उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

## संकट में भी भारत ने सूडान को दी मानवीय सहायता, राजदूत ने जताया हृदय से आभार

**सूडान।** अफ्रीकी देश सूडान में चल रहे गृहयुद्ध में विद्रोही बलों द्वारा ओडिशा के एक भारतीय नागरिक का अपहरण कर लिया गया है और वहां की सरकार उसकी रिहाई के लिए बातचीत कर रही है, रिपोर्ट में कहा गया है। भारत में सूडान के राजदूत मोहम्मद अब्दुल्ला अली एल्टॉम ने कहा कि उनका देश ओडिशा के जगतसिंहपुर जिले के 36 वर्षीय आदर्श बेहरा के रूप में पहचाने गए व्यक्ति की रिहाई को सुरक्षित करने के लिए भारतीय विदेश मंत्रालय के साथ समन्वय कर रहा है, जिसे विद्रोही ने युद्धग्रस्त अल फशीर शहर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज से अगवा कर लिया था।

## प्रत्यर्पण से बचने को चोकसी की सुप्रीम कोर्ट में अपील, पीएनबी घोटाले का है आरोपी



**एंटवर्प।** भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी ने बेल्जियम की एंटवर्प कोर्ट द्वारा 17 अक्टूबर को दिए गए आदेश को वहां की सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। एंटवर्प कोर्ट ने बैंक के साथ धोखाधड़ी के मामले में चोकसी को भारत प्रत्यर्पित करने का आदेश दिया था। भारत ने उसके प्रत्यर्पण के लिए बेल्जियम सरकार से अनुरोध किया है। एंटवर्प कोर्ट में कार्यरत लोक अभियोजक ने बताया है कि चोकसी ने 30 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट जब तक चोकसी की याचिका का निस्तारण नहीं करेगी तब तक उसके प्रत्यर्पण का आदेश निलंबित रहेगा। एंटवर्प कोर्ट में चार सदस्यीय पीठ ने चोकसी के प्रत्यर्पण की याचिका पर सुनवाई के बाद 17 अक्टूबर को आदेश दिया था।प्रत्यर्पण की यह मांग मुंबई के विशेष न्यायालय द्वारा मई 2018 और जून 2021 में चोकसी की गिरफ्तारी के लिए जारी आदेशों को पूरा करने के लिए है। विशेष न्यायालय ने पंजाब नेशनल बैंक के साथ चोकसी और उसके रिश्तेदार नीरव मोदी द्वारा 13,000 करोड़ रुपये के घोटाले के सिलसिले में ये आदेश जारी किए हैं। सीबीआई के आरोप पत्र के अनुसार इनमें 6,400 करोड़ रुपये चोकसी ने घोटाला कर देश से बाहर भेजे थे। मामला खुलने पर चोकसी भारत से फरार हो गया था। इसके बाद उसे जनवरी 2018 में एंटीगुआ और बारबूडा में देखा गया था। भारत द्वारा प्रत्यर्पण की कोशिश तेज किए जाने पर वह भागकर बेल्जियम पहुंच गया है। जबकि नीरव मोदी गिरफ्तारी के बाद कई वर्षों से लंदन की जेल में बंद है। उसके प्रत्यर्पण का मामला भी चल रहा है।


## टोरेस घोटाले में 3 यूक्रेनियन समेत चार के खिलाफ गैर-जमानती वारंट



**नई दिल्ली।** मुंबई की एक विशेष पीएमएलए कोर्ट ने 177 करोड़ रुपये के टोरेस ज्वैलरी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तीन यूक्रेनी नागरिकों सहित चार लोगों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। पीएमएलए के तहत मामलों के विशेष न्यायाधीश आरबी रोटे ने एक नवंबर के अपने आदेश में कहा कि यह एक गंभीर आर्थिक अपराध है, जो समाज की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को प्रभावित करता है। आदेश में कहा गया है कि अपराध से प्राप्त 177 करोड़ रुपये की धनराशि के संबंध में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं और आरोपितों के कृत्य के कारण कई निवेशकों को नुकसान हुआ है।टोरेस ज्वैलरी ब्रांड नाम से संचालित प्लैटिनम हर्न प्राइवेट लिमिटेड के पीछे के लोगों ने मोइसैनाइट हीरे और अन्य आभूषणों की बिक्री के बदले में ग्राहकों से नकदी वसूलकर धोखाधड़ी की। उक्त नकदी का वैध व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए उपयोग करने के बजाय, इसे हवाला आपरेटरों के माध्यम से भेजा गया और बाद में क्रिप्टोकरेंसी में परिवर्तित कर दिया गया। ईडी का मामला नवी मुंबई में दर्ज एक प्राथमिकी से जुड़ा है।

# पालघर में बेमौसम बारिश ने धान की फसल को बुरी तरह प्रभावित

**किसान ने 2.30 रुपये मुआवजा मिलने का किया दावा**



**पालघर, 04 नवंबर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक किसान ने सोमवार को दावा किया कि बेमौसम बारिश से फसलों के नुकसान के लिए उसे राज्य सरकार से सिर्फ 2.30 रुपये का मुआवजा मिला है। वाडा तालुका के शिलोत्तर गांव के मधुकर बाबूराव पाटिल ने अपने धान के खेतों को हुए भारी नुकसान के लिए मुआवजे की मांग करते हुए एक आवेदन जमा किया था। पाटिल ने कहा कि इस मौसम में लगातार बारिश ने धान की फसल को बुरी तरह प्रभावित किया, जिससे फसल पानी में डूब गई और सड़ गई। यहां तक कि पुआल भी काला पड़ गया, जिससे पशुओं के लिए चारे की कमी का संकट और गहरा गया। इतने बड़े नुकसान के बावजूद, मुझे यह देखकर हैरानी हुई कि मेरे बैंक खाते में सिर्फ 2.30 रुपये ही जमा हुए। पाटिल के नाम और उनकी पत्नी व बेटियों के नाम 11 एकड़ जमीन है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे की मुंबई में आज हुई प्रेस वार्ता में भी पाटिल का मुद्दा उठा।

ठाकरे ने कहा कि यह मजाक है कि पालघर के किसानों को फसल बीमा मुआवजे के तौर पर सिर्फ दो रुपये और कुछ पैसे मिले हैं। गौरतलब है कि पालघर जिले के कुछ किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। छोटी जोतें, बारानी खेती पर निर्भरता, फसल नुकसान और कर्ज के बोझ ने उनकी स्थिति को बदतर बना दिया है। जिले में आदिवासी बहुल आबादी होने से कुछ संख्या में किसान गरीब हैं।हालिया बेमौसम बारिश से फसलों के बर्बाद होने पर मुआवजे की राशि नाममात्र की मिलने से किसानों में आक्रोश का माहौल है।

# श्रद्धालुओं से भरी तीन बसें आपस में टकराई, 70 से अधिक लोग घायल

## जामताड़ा से लगुबुरु जाते समय हुआ हादसा



**धनबाद, 04 नवंबर [एजेंसी]।**

सोमवार की देर रात जामताड़ा से बोकारो के लगुबुरु घंटाबाड़ी के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरी तीन बसें राजगंज के चालीबंगला स्थित वन विभाग के कार्यालय के समीप आपस में टकरा गईं। इस भीषण सड़क दुर्घटना में 70 से अधिक महिला-पुरुष घायल हो गए, जिसके बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेजा गया। अन्य मामूली रूप से घायल एवं बचे हुए लोग फिलहाल स्थानीय एक पेट्रोल पंप पर आश्रय लिए हुए हैं।

यह दुर्घटना देर रात करीब 12 बजे घटी। तीनों बसें सोमवार की सुबह करीब 9 बजे नाला पेट्रोल पंप से बोकारो के लालपनिया के लिए एक साथ खुली थीं। तीनों ही बसों में आदिवासी समुदाय के लोग सवार थे, जो लगुबुरु घंटाबाड़ी में पूजा-अर्चना के लिए जा रहे थे। बस में सवार एक महिला यात्री लतिका सोरेन ने बताया कि उन्हें मंगलवार सुबह 9 बजे वहां पूजा करनी थी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के समय सभी गहरी नींद में थे। लतिका सोरेन के अनुसार, उनकी बस सबसे पीछे चल रही थी। जैसे ही सामने जा रही बस से जोरदार टक्कर हुई, बस में चीख-पुकार मच गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि सभी लोग अपनी सीट से गिर पड़े। दरवाजा लाक हो जाने के कारण बस का सामने का शीशा तोड़कर किसी तरह सभी को बाहर निकाला गया।सामने जा रही दूसरी बस को भी पीछे से ठोकर लगने के बाद वह भी रुक गया, जबकि सबसे आगे चल रही बस मौके से निकल गई।

हादसे के बाद पीछे की दोनों बसों में सवार करीब 120 यात्री वाहन से निकलकर पेट्रोल पंप पर रुके हुए हैं। हादसे में टाडा निवासी करीब 70 वर्षीय बुजुर्ग रास मुनि देवी का हाथ टूट गया है। इनके अलावा सोनाली हांसदा, बसंती किस्कू, धन टुडू, लूखी मुनि हेंब्रम, बाय हेंब्रम, मंगोली सोरेन, राज देव मरांडी, दीपक मुर्मू सहित तीन दर्जन से अधिक महिला व पुरुष यात्री घायल हैं।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। हादसे के कारण कोलकाता-दिल्ली लेन एनएच 19 पर आवागमन बाधित हो गया था। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बसों को सड़क से हटवाने के बाद आवागमन सुचारू करवा पाई।

# जैन मुनि का निगम के खिलाफ अनशन

**मुंबई, 04 नवंबर [एजेंसी]।**



जैन मुनि नीलेशचंद्र विजय ने दादर कबूतरखाने को बंद करने के नगर निगम के निर्णय के खिलाफ सोमवार को मुंबई के आजाद मैदान में अनशन शुरू किया। समुदाय के सदस्य कबूतरों को दाना डालने के लिए पारंपरिक रूप से दादर कबूतरखाने का इस्तेमाल करते रहे हैं। जैन मुनि ने बीएमसी मुख्यालय के पास विरोध प्रदर्शन शुरू करने से पहले पत्रकारों से कहा कि वह कबूतरखाने की पुनर्स्थापना की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन करने वाले हैं। बीएमसी ने हाल ही में चार स्थानों वर्ली रिजर्वॉयर, अंधेरी पश्चिम में लोखंडवाला बैक रोड के मैंग्रोव क्षेत्र, ऐरोली-मुलुंड चेकपोस्ट क्षेत्र और बोरिवली वेस्ट के गोरेई मैदान पर सीमित तरीके से कबूतरों को दाना डालने की अनुमति दी है।बीएमसी के अनुसार, इन स्थलों पर सुबह सात से नौ बजे तक ही दाना डाला जा सकता है और गैर-सरकारी संगठन इसकी देखरेख करेंगे। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि यह अस्थायी प्रबंध है और विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट तथा अदालत से आदेश मिलने तक बंद कबूतरखानों को फिर से नहीं खोला जाएगा।

## अवैध सट्टेबाजी मामले में ईडी का एक्शन 300 बैंक खातों में जमा राशि जब्त की

**नई दिल्ली 04 नवंबर।** ईडी ने 300 बैंक खातों में जमा 35 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि जब्त कर ली है। ईडी ने ने इन खातों को अवैध सट्टेबाजी, जुए और ऐसी ही अन्य गतिविधियों से अर्जित बताया है।ईडी अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि अहमदाबाद स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने जितेंद्र तेजाभाई हीरागर नामक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज मामले में 300 बैंक खातों में जमा धनराशि को जब्त करने के लिए पीएमएलए के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया।ईडी ने कहा कि भोले-भाले व्यक्तियों के जाली दस्तावेजों का उपयोग करके बैंक खाते खोले गए और उन्हें सट्टेबाजी, जुआ और अन्य अवैध गतिविधियों से जुड़े बैंकिंग लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए एक सुसंगठित गिरोह के सदस्यों को सौंप दिया गया।जांच एजेंसी ने कहा कि इन फर्जी बैंक खातों का इस्तेमाल आनलाइन अवैध सट्टेबाजी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के जरिये भोले-भाले लोगों से रुपये ठगने के लिए किया जाता था। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला अहमदाबाद अपराध शाखा की एक प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है।

# अक्टूबर में जीएसटी से सरकार को मिले 9806 करोड़ रुपये त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं ने जमकर की खरीदारी



**लखनऊ।** अक्टूबर के त्योहारी सीजन में प्रदेश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के माध्यम से राज्य सरकार के खजाने में 9806 करोड़ रुपये पहुंचे हैं। यह धनराशि पिछले वर्ष अक्टूबर के मुकाबले दो प्रतिशत अधिक है। आंकड़े बता रहे हैं कि प्रदेश में उद्योग, व्यापारिक गतिविधियां और उपभोक्ता वस्तुओं की मांग बढ़ी है। अक्टूबर में दीपावली, नवरात्र और दशहरा जैसे त्योहारों के पड़ने से उपभोक्ताओं ने अधिक खरीदारी की। बढ़ी उत्पादन क्षमता ने राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम किया है।चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से अक्टूबर तक की अवधि में राज्य ने जीएसटी संग्रह में बेहतर प्रदर्शन किया। अप्रैल से अक्टूबर के बीच पिछले वर्ष के मुकाबले चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस बार अक्टूबर में जीएसटी रिफंड में 39.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो रही है।

जो यह बता रहा है कि राज्य से निर्यात बढ़ रहा है।त्योहारों के दौरान उपभोक्ता वस्तुओं व सेवाओं की मांग में वृद्धि का सकारात्मक प्रभाव जीएसटी संग्रह पर पड़ा है। उद्योग जगत में उत्पादन और बिक्री में वृद्धि से जीएसटी संग्रह बढ़ा है। सरकार की विभिन्न आर्थिक योजनाएं और सुधारों ने कारोबारी माहौल को सुगम बनाया है, जिससे निवेश और व्यापार दोनों को लाभ हुआ है। उपभोग, निवेश और उत्पादन बढ़ने से रोजगार सृजन और विकास में मदद मिलेगी।

# वोटिंग से पहले एसडीओ ने इस ठिकाने से पकड़े 35 लाख रुपये, होटल में ताबड़तोड़ छापेमारी से मचा हड़कंप

**पुरबिसगंज, 04 नवंबर [एजेंसी]।**



फारबिसगंज के ज्योति होटल परिसर स्थित दो अलग-अलग स्थानों में सोमवार की देर रात एसडीओ रंजीत कुमार रंजन एवं एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने संयुक्त रूप से छापेमारी करते हुए दोनों स्थानों से 35 लाख 72 हजार 610 रूपए नकद बरामद किया। अनुमंडल प्रशासन की छापेमारी से ज्योति होटल परिसर में हड़कंप मचा रहा। प्रशासन ने विभिन्न कंपनी के माइक्रो फाइनेंस कलेक्शन सेंटर कैलाश साइबर कैफे से छापेमारी करते हुए 18 लाख 17 हजार एवं जियो साइबर कैफे से 18 लाख 55 हजार 610 रुपया बरामद किया है। कैलाश साइबर कैफे का संचालक कैलाश कुमार पटेल चौक फारबिसगंज का निवासी बताया जाता है। वहीं जियो साइबर कैफे का संचालक प्रभाष कुमार फौजी कालोनी एवं सुधीर कुमार अमहारा निवासी बताया जाता है। बताया जाता है कि दोनों परिसर में विभिन्न कंपनियों के माइक्रोफाइनेंस के कलेक्शन सेंटर के साथ-साथ मनी ट्रांसफर का भी काम किया जाता था। प्रशासन की छापेमारी के दौरान दोनों प्रतिष्ठान के संचालक मौके पर मौजूद थे। मामले में पूछे जाने पर एसडीओ रंजीत कुमार रंजन ने कहा कि आचार संहिता में कैश रखने और ले जाने की लिमिट निर्धारित है। ज्योति होटल परिसर स्थित दो अलग अलग स्थानों में छापेमारी की गई है। दोनों स्थानों से 35 लाख से अधिक रुपया बरामद किया गया है।

बरामद रुपया चुनाव के उपयोग का था या नहीं इसकी जांच की जा रहा है। इस संदर्भ में जांच के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।एसडीओ ने कहा कि बरामद रुपया का सीजर बनाकर जिला भेजा जाएगा एवं इसकी जानकारी आयकर विभाग को दी जाएगी। इस छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह, एफएसटी टीम में शामिल अपर थानाध्यक्ष शैलेन्द्र प्रसाद गुप्ता सहित पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट मौजूद थे।

## यूपी के सात जिलों की धरोहरों में बनेंगे हेरिटेज होटल, लखनऊ की तीन इमारतें बनेंगी पर्यटन का केंद्र

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग ने लखनऊ के आलमबाग पैलेस सहित सात जिलों की धरोहरों को सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) माडल पर हेरिटेज होटल में तब्दील करने की तैयारी शुरू कर दी है। पर्यटन विभाग ने इस संदर्भ में 10 धरोहरों को हेरीटेज होटल के रूप में विकसित करने के लिए निविदा आमंत्रित की है। निविदा की अंतिम तिथि 27 नवंबर है।पर्यटन विभाग ने राज्य की 28 धरोहरों को पीपीपी माडल पर पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने की योजना पर काम शुरू किया है। इन धरोहरों की पहचान और मूल स्वरूप में बदलाव किए बिना इन्हें हेरिटेज होटल या वेलनेस केंद्र के रूप में पर्यटकों के लिए विकसित किया जाएगा। पर्यटकों से आने वाले शुल्क के जरिए होटल का संचालन किया जाएगा।

## बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर छह दिन होगा उत्सव, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा आयोजन

**लखनऊ 04 नवंबर।** जनजाति लोकनायक बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव सप्ताह के रूप में प्रदेश सरकार धूमधाम से मनाएगी। समाज कल्याण विभाग और उप्र लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान द्वारा 13 से 18 नवंबर तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में जनजाति भागीदारी उत्सव का आयोजन किया जाएगा।आयोजन में जनजातीय कलाओं के प्रदर्शन के साथ शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। वहीं जनजाति गौरव दिवस पर 15 नवंबर को सोनभद्र में होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सोमवार को भागीदारी भवन में बैठक कर इन आयोजनों की तैयारियों की समीक्षा की और नोडल अधिकारियों को नामित करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि छह दिनों तक चलने वाले जनजाति भागीदारी उत्सव में देश के विभिन्न राज्यों की जनजातीय लोकनृत्य प्रस्तुतियां, लोकगीत, पारंपरिक शिल्प और व्यंजन प्रदर्शनी, बिरसा मुंडा पर आधारित नाटक, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिताएं और जनजातीय खेलकूद का आयोजन किया जाएगा। कलाकारों द्वारा शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। जनजातीय गौरव सप्ताह के रूप में यह आयोजन जनजातीय समाज की परंपराओं, संस्कृति और योगदान को जन-जन तक पहुंचने का माध्यम बनेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रमों का संचालन व्यापक जनभागीदारी के साथ भव्य और तरीके से किया जाए। उन्होंने सोनभद्र के कार्यक्रम की तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### आरोपी रायपुर निवासी देवेंद्र किशोर गुप्ता ने की थी आपत्तिजनक टिप्पणी

# सोशल हैंडल में आपत्तिजनक पोस्ट मामले में न्यायालय ने लिया संज्ञान

**चिरमिरी।** बीते दिनों प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री व स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के स्वास्थ्य विभाग और उनके जनहित कार्यों को दरकिनार करते हुए सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी और पोस्ट करने वाले रायपुर निवासी देवेंद्र किशोर गुप्ता के मामले में आवेदक बने एमसीबी के भाजपा जिला महामंत्री द्वारिका प्रसाद जायसवाल ने आज भाजपा कार्यालय बड़ा बाजार चिरमिरी में प्रेस वार्ता का आयोजन कर प्रेस से रूबरू हुए।



इस दौरान उन्होंने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि रायपुर निवासी देवेंद्र किशोर गुप्ता हमारे मनेंद्रगढ़ विधानसभा के लोकप्रिय नेता और प्रदेश के यशस्वी स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की और अपने सोशल हैंडल में पोस्ट कर श्याम बिहारी जायसवाल जी के छवि को खराब करने के लिए विपक्षी पार्टियों के षडयंत्र का हिस्सा बने और एक के बाद एक कई पोस्ट डाले जो विधि सम्मत नहीं है। इस मामले में जिला महामंत्री ने बताया कि मै और एमसीबी जिले के प्रत्येक कार्यकर्ता उक्त पोस्ट से हतप्रद हुए है और इसी को लेकर मैने पहले चिरमिरी थाने में शिकायत की थी, किंतु संज्ञेय अपराध ना होना बताकर कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसके बाद देवेंद्र गुप्ता मसले पर चर्चा तात्कालिक पुलिस अधीक्षक श्री सी एम सिंह से हुई और उन्होंने आश्वस्त किया था कि इस प्रकरण में अपराध बनता है और स्नङ्कक्रदर्ज की जाएगी परन्तु फिर भी किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं होता देख मैं माननीय न्यायालय चिरमिरी के समक्ष 174/175(3) नागरिक सुरक्षा संहिता में परिवाद दायर किया जिसे न्यायालय चिरमिरी ने संज्ञान में लिया और चिरमिरी पुलिस को आदेशित किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। फिलहाल उपरोक्त मामले में जिला महामंत्री ने अपने शिकायत के आठवें विंदु को पढ़कर पत्रकारों के समक्ष अपनी बात रखते हुए श्री जायसवाल ने कहा है कि रायपुर निवासी देवेंद्र किशोर गुप्ता यह जानते हुए सोशल मीडिया में पोस्ट किया था कि मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की ख्याति विपरीत रूप से प्रभावित हो, यह ब्नह्य की धारा 356 के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है और उक्त विषय में फेसबुक जैसे सोशल प्लेटफार्म में बार बार पोस्ट होने से एक लोक सेवक अपने कर्तव्यों का निष्पादन करने में भय से ग्रसित होने का अनुभव करे। आरोपी का यह कृत्य भी ब्नह्य की धारा 132 के तहत दंडनीय अपराध है वही इलेक्ट्रानिक अभिलेख में कूट रचना कर जनता के समक्ष प्रस्तुत करना जिससे लोक सेवक को नुकसान हो, यह भी BNS की धारा धारा 336(1) में उल्लेखित है। जिसे माननीय कोर्ट ने संज्ञान में लिया और इसी पर कोर्ट के फैसले के सम्मान में कड़ी सजा दिए जाने की उम्मीद मै जता रहा हु। आज के इस प्रेसवार्ता कार्यक्रम में नगर के मेयर राम नरेश राय, मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनकर, मंडल महामंत्री, भाजपा जिला कार्यकारिणी के विभिन्न पदाधिकारी, चिरमिरी मंडल के पदाधिकारी, महिला मंडल और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अब देखना है कि पुलिस इसमें कार्रवाई करने से कैसे बचाती है।

**पुलिस को निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट पेश करने चिरमिरी कोर्ट ने किया आदेशित**

## अंशिका कुंडू नें एकल नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**चिरमिरी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चिरमिरी की कक्षा चौथी की छात्रा अंशिका कुंडू ने छ.ग. राज्य के 25 वर्षों की प्रगति और विकास की गौरवशाली यात्रा पर आयोजित रजत महोत्सव 2025 में अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एकल शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान अंशिका के मनमोहक नृत्य ने दर्शकों का दिल जीत लिया। निर्णायकों ने उनके भाव, ताल और अभिव्यक्ति की सराहना की। इस अवसर पर रामनरेश राय महापौर नगर पालिक निगम चिरमिरी, राहुल वेंकट कलेक्टर एम.सी.बी , पुलिस अधीक्षक एम.सी.बी , जिला शिक्षा अधिकारी एम.सी.बी, मनेंद्रगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष उपस्थित थे, जिन्होंने अंशिका की उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दिया । विद्यालय परिवार ने इस सफलता पर अंशिका को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.के.उपाध्याय ने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थी ही विद्यालय की पहचान होते हैं।

# अटल आवास तोड़कर दुकान बनाने की तैयारी, ग्रामीणों ने जताया विरोध



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के ग्राम सलका में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के तहत पात्र परिवारों को वर्षों पहले आवंटित किए गए अटल आवास अब विवादों में घिर गए हैं। जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत सलका में पैट्रोल पंप के बगल में एक लाभार्थी ने अपने अटल आवास को तोड़कर उसी स्थान पर दुकान बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार लाभार्थी अटल आवास को तोड़कर दुकान बना रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और इसके साथ ही आसपास की सरकारी भूमि पर भी कब्जा किया जा रहा है। इस वजह से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।

ग्रामीणों के अनुसार, संबंधित व्यक्ति ने आवास के साथ लगे खाली स्थान पर भी दीवार खड़ी कर अपने दायरे का विस्तार करना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि यह पूरी तरह से अटल आवास योजना के नियमों का उल्लंघन है, जिसमें स्पष्ट प्रावधान है कि लाभार्थी अनुमति लेकर केवल अपने आवंटित आवास की मरम्मत या रखरखाव कर सकता है, लेकिन उसका उपयोग व्यावसायिक प्रयोजन के लिए नहीं कर सकता। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में अधिकारियों की मिलीभगत है, जिसने बिना जांच-परख के निर्माण कार्य को नजरअंदाज कर दिया है। उनका कहना है कि पंचायत को इस पर रोक लगानी चाहिए थी, क्योंकि अटल आवास का मकसद गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराना था, न कि दुकान या व्यापारिक स्थल देना। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अधिकारी राजीव कुमार दानी ने बताया कि संबंधित लाभार्थी को केवल रिनोवेशन (मरम्मत) के लिए अनुमति दी गई थी, न कि दुकान बनाने के लिए। उन्होंने कहा, 'घर के रिनोवेशन की अनुमति दी गई थी, लेकिन यदि वहां व्यावसायिक निर्माण हो रहा है तो यह नियम विरुद्ध है। मामले की जांच के बाद ही उचित कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने इस मामले में जल्द हस्तक्षेप नहीं किया, तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करेंगे। उनका कहना है कि इस प्रकार के अवैध निर्माण से न केवल सरकारी योजनाओं की साख को ठेस पहुँचती है, बल्कि अन्य लाभार्थियों को भी गलत संदेश मिलता है कि सरकारी घरों को व्यावसायिक स्थल में बदला जा सकता है। अब सबकी निगाहें जिला प्रशासन और गृह निर्माण मंडल पर हैं कि वे इस विवादित निर्माण पर क्या रुख अपनाते हैं।

**घर के लिए मिला परमिशन न कि दुकान के लिए - राजीव कुमार दानी असिस्टेंट इंजीनियर, सीजीएचबी**

हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी राजीव कुमार दानी का कहना है कि लाभार्थी को अटल आवास की बिल्डिंग को आवास के रिनोवेशन के लिए अनुमति दिया गया है न कि दुकान बनाने के लिए। अब इस मामले में जांच के बाद ही कुछ कह पाऊंगा।

## करमा की लय और मांदर की थाप पर थिरका राज्योस्थल, लोकगीतों ने जगाई उमंग



**कोरिया बैकुंठपुर।** तीन दिवसीय राज्योत्सव के दूसरे दिन राज्योस्थल लोकनृत्य और लोकसंगीत की सतरंगी आभा में डूबा रहा। राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्रा को करीब से अनुभूत करने पहुँचे जिलेवासियों ने यहाँ संस्कृति की जीवंत धड़कन को महसूस किया। मांदर की थाप और करमा गीतों की गूंज के बीच माहौल आनंद और उल्लास से भर उठा। करमा नृत्य की सधी लय और संतुलित ताल पर कलाकारों के थिरकते कदमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं ददरिया लोकगीतों की मीठी तान ने ग्रामीण जीवन की सरलता और आत्मीयता को दिलों तक पहुँचा दिया। राज्योत्सव के शुभारंभ के दिन पंथी नृत्य दल ने गुरु घासीदास बाबा के उपदेशों और सत्य-अहिंसा के संदेश को भावपूर्ण अभिव्यक्ति देते हुए मंच पर एक प्रेरक दृश्य रचा। साथ ही सूफी गीतों की मधुर प्रस्तुति ने शाम के शांत माहौल को और अधिक सुरीला और आत्मस्पर्शी बना दिया। संगीत, नृत्य और लोकरंगों के इस सुरम्य संगम ने दर्शकों को न केवल मनोरंजन दिया, बल्कि उन्हें प्रदेश की सांस्कृतिक जड़ों से भी गहराई से जोड़ा। राज्योत्सव में आगामी दिनों में भी विभिन्न लोककला समूहों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ जारी रहेंगी। जिलेवासी इस संस्कृति उत्सव का पूरे उत्साह के साथ आनंद ले रहे हैं।

### धरती आबा से लेकर पर्यटन विकास और आजीविका पर किया गया फोकस

# जनसम्पर्क विभाग ने योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाई

**कोरिया बैकुंठपुर।** राज्योत्सव के दौरान राज्योस्थल में जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। इस विशेष फोटो प्रदर्शनी में जिले की उपलब्धियों, सम्भावनाओं, नवाचारों तथा राष्ट्रीय स्तर पर मिले प्रशंसनीय सम्मान को चित्रों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया है।



प्रदर्शनी में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा कोरिया जिले को दिए गए सम्मान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं से की गई भेंट, राज्यपाल रमेन डेका द्वारा सोनहनी और बटर पिन्ट्स का विमोचन, तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के झुमका महोत्सव के एक दिवसीय प्रवास को प्रमुख रूप से स्थान दिया गया है। प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथि भईया लाल राजवाड़े सहित कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा व मीडिया प्रतिनिधियों व आम लोगों ने सराहा। इसके साथ ही जिले में प्रभारी मंत्री, विधायकों और प्रशासन द्वारा किए गए नवाचार एवं महत्वपूर्ण कार्यों को भी फोटो फ़्रेम के जरिए दर्शाया गया है। कोरिया प्रशासन की सफलता की कहानियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है, जिन्हें भी प्रदर्शनी में शामिल किया गया है। जिला जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि स्टॉल पर आम नागरिकों के लिए छत्तीसगढ़ जनमन, विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम, छत्तीसगढ़ में सुशासन के नवाचार जैसी सूचना-पुस्तिकाएँ और मासिक पत्रिकाएँ नि:शुल्क वितरित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह सामग्री न केवल राज्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की सटीक जानकारी देती है, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए भी उपयोगी साबित होगी। राज्योत्सव में आए दर्शक जिले के गौरव और विकास यात्रा से जुड़ी इन झलकियों को उत्साहपूर्वक देख रहे हैं।

## बाल संप्रेषण गृह से तीन बाल अपराधी फरार

**दुर्ग।** दुर्ग के पुलगांव स्थित बाल संप्रेषण गृह (बाल सुधार गृह) से देर रात तीन आपचारिक (अपराध में संलिप्त) बालक फरार हो गए। बताया जा रहा है कि ये तीनों बालक गंभीर आपराधिक मामलों में संलिप्त थे और न्यायालय के आदेश पर उन्हें बाल संप्रेषण गृह में रखा गया था। मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार देर रात की है, जब तीनों बालक 10 फीट ऊंची दीवार फांदकर संस्थान से भाग निकले।

## प्राकृतिक आपदा से नुकसान की नहीं मिली राहत राशि : तिवारी



**कोरिया सोनहत।** खंड स्तर पर विगत मई माह मुख्यालय सहित आसपास ग्रामों के हितग्राहियों को बारिश ,तूफान,एवं मुख्यालय सड़क किनारे नली जाम होने से हुए व्यापक नुकसानी की राशि आंकलन के बाद नहीं मिल सका है। सुशासन की खुली पोल- एक ओर शासन छत्तीसगढ़ में सुशासन की बात करती है गरीब किसान मजदूरों के उत्थान की बात करती समय पर मिलने वाले उनके हक बात करती है लेकिन शासन की मंशा को पूरा करने में प्रशासन उत्साह नहीं दिखा रहा है जिससे सुशासन की पोल स्वमेव उजागर हो रही है पंच संघ के अध्यक्ष प्रेमसागर तिवारी ने बताया कि विगत मई माह आए बारिश ,तूफान से मुख्यालय के व्यापारियों को नाली जाम होने से दुकानों के रखे सामनों को भारी नुकसान होने के साथ विभिन्न ग्राम कैलाशपुर, सोनारी, सुंदरपुर, केशगवां, रजौली, के अलावा विकासखंड के अधिकांश ग्रामों के गरीब किसान ,रहवासियों के घरों के छप्पर आदि उड़ने से व्यापक नुकसान हो गया था जिसका स्थानीय तंत्र द्वारा विधिवत घर-घर जा के आंकलन एवं राहत राशि प्रदान कराने प्रकरण तैयार किया गया था।लेकिन अभी तक हालत ये है कि लगभग 6 माह बीतने के बाद भी किसी भी हितग्राहिय पीड़ितों को राहत राशि नहीं मिल सका है।पंच संघ अध्यक्ष प्रेम सागर तिवारी तिवारी ने संबंधित प्रशासन से संबंधित पीड़ित परिवारों को आपदा प्रबंधन के तहत राहत राशि प्रदान करने मांग किया ताकि प्रशासन का सुशासन कायम रह सके।

## किसान पर धारदार हथियार से हमला

**धमतरी।** जिले के ग्राम ढिमरटीकुर बजरंग चौक में एक किसान पर धारदार हथियार से प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी में पुरानी रंजिश के चलते किसान पर हमला किया था। ग्राम ढिमरटीकुर बजरंग चौक में नरेन्द्र कुमार साहू अपने गांव के मोहन गंजीर, हेमनारायण सोनी, पोखन साहू, नोहर साहू एवं अन्य लोगों के साथ बैठकर खेती-किसानी संबंधी चर्चा कर रहे थे। उसी समय गांव का तिहारु राम यादव पिता स्व. लक्ष्मण यादव उम्र 60 वर्ष साकिन ढिमरटीकुर नवांगांव थाना अर्जुनी वहां पहुंचा और दीपावली लक्ष्मी पूजा के दिन हुई पैसों की लेनदेन की पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज करते हुए विवाद करने लगा।



## सांस्कृतिक कार्यक्रमों, व्यंजन और विकास प्रदर्शनी ने खींची भीड़

**कोरिया बैकुंठपुर।** तीन दिवसीय राज्योत्सव के दूसरे दिन सोमवार को बैकुंठपुर के मिनी स्टेडियम में कोरिया जिले की संस्कृति, परंपरा और विकास की झलक देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही जिलेवासी बड़ी संख्या में परिवार सहित राज्योत्सव स्थल पहुंचते रहे। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकासपरक योजनाओं के स्टॉल, उपलब्धियों और तस्वीरों की प्रदर्शनी ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। राज्य की पारंपरिक लोकधुनों और नृत्यों ने वातावरण को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया। छत्तीसगढ़ की देवारी गीत, गौरा-गौरी गीत, राउत नाचा और विवाह गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच के सामने दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट थमने का नाम नहीं ले रही थी। इसी तरह व्यंजन के स्टॉल पर भी भारी भीड़ देखने को मिली। स्थानीय व्यंजन, फास्ट फूड और पारंपरिक पकवानों का स्वाद लेने लोगों ने लंबी कतारें लगाईं। हर विभाग के स्टॉल में लोगों की बढ़ती भीड़, जिलेवासियों की उत्सुकता और सहभागिता को स्पष्ट रूप से दर्शा रही थी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के रजत वर्ष पर आयोजित यह जिला स्तरीय राज्योत्सव मंगलवार को अपने अंतिम दिन में प्रवेश करेगा। शहर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी और आमजन अपने परिवार के साथ इस सांस्कृतिक महोत्सव का आनंद उठाते नजर आए।

# राज्योत्सव में चमका 'कोरिया विकास मॉडल' तब और अब की झलक ने खींचा लोगों का ध्यान

**कोरिया।** बैकुंठपुर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव का शुभारंभ रविवार को क्षेत्रीय विधायक श्री भइया लाल राजवाड़े द्वारा किया गया। राज्योस्थल पर लगे विभागीय स्टॉलों और विकास मॉडलों को देखने जिलेवासी बड़ी संख्या में पहुँच रहे हैं। विशेष रूप से 'तब और अब' की अवधारणा पर आधारित कोरिया का विकास मॉडल सभी के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जिसे नागरिकों द्वारा खूब सराहा जा रहा है। नगर पालिका परिषद, बैकुंठपुर द्वारा वर्ष 2000 से 2025 तक की विकास यात्रा को शानदार ढंग से प्रदर्शित किया गया है। जहाँ कभी नगर पंचायत के रूप में कोरिया की पहचान थी, वहीं 25 वर्षों में नगर ने घड़ी चौक से कुमार चौक, प्रतीक्षा बस स्टैंड से मानस भवन तक आधुनिक संरचना और सुविधाओं के नए सोपान को प्राप्त किया है। जिला प्रशासन द्वारा तैयार कोरिया विकास मॉडल में सीसी सड़क, अस्पताल, स्कूल, विद्युतीकरण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, छात्रावास से लेकर गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिज़र्व के मुख्य द्वार तक का प्रभावशाली चित्रण किया गया है। इसके साथ ही बालम पहाड़ी, घुनघुट्टा डैम, गेज नदी और झुमका डैम जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों की प्राकृतिक सुंदरता ने आगंतुकों का मन मोह लिया। पर्यटन विभाग द्वारा जिले की जैव विविधता को दिखाते हुए फ्लेमबैक, नीलमणि, सरेस, धनेश, लहटोरा, हिरण, हाथी और बाघ जैसे वन्य जीवों के आकर्षक छायाचित्र प्रदर्शित किए गए हैं। वहीं रॉक पेंटिंग, हसदेव उद्गम, नीलकंठ पहाड़ी और गौरघाट जैसे ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों ने लोगों की उत्सुकता और बढ़ा दी। पेयजल प्रदाय योजना में हुए बदलाव को भी विकास मॉडल में प्रमुखता मिली है, जहाँ पहले हैंडपंप पर निर्भरता थी, वहीं अब सोलर आधारित जल प्रदाय प्रणाली और पानी टंकी के माध्यम से घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा भी आकर्षक मॉडल व स्टॉल लगाए गए हैं। आदिम जाति विकास विभाग ने पारंपरिक आवश्यकता की वस्तुएँ, स्कूल शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों द्वारा बनाया गया सेंसर आधारित स्मार्ट डस्टबिन, पुलिस विभाग ने यातायात जागरूकता मॉडल, महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनवाड़ी से सखी वन-स्टॉप सेंटर तक की सेवाएँ, समाज कल्याण विभाग ने नशामुक्ति पर संवेदनशील प्रस्तुति, मछली व पशुधन विभाग ने जीवंत मछली और मुर्गी प्रजातियाँ, रेशम विभाग ने कोसा से बनी साड़ी, शॉल और जैकेट कृषि व उद्यानिकी विभाग द्वारा मशरूम, मधुमक्खी पालन, ड्रेगन फ्रूट व ऑयल पाम का प्रदर्शन, आयुष विभाग द्वारा योग और आयुर्वेद आधारित उपचार मॉडल को प्रदर्शनी में दिखाया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास, सोलर पैनल और स्वच्छता के मॉडल को बेहद ही खूबसूरती से तराशा गया है। इसी क्रम में कोरिया अमृत उत्पाद गैलरी भी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, जहाँ महिला स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित सोनहनी शहद, आचार, पापड़, कोरिया मोदक आदि उत्पादों की बिक्री लगातार जारी है। पूरी प्रदर्शनी की विशेषता यह है कि इसमें उपयोग किए गए मॉडल स्थानीय कारीगरों और कलाकारों द्वारा तैयार किए गए हैं, जिसमें कोरिया की कला, संस्कृति और विकास यात्रा की पहचान जीवंत रूप में दिखाई देती है।



## चीतल की मौत मामले में दो वनकर्मी निलंबित

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार वनमण्डल के अर्जुनी परिक्षेत्र अंतर्गत दक्षिण महराजी परिसर में मृत चीतल को दफ़नाने के पूर्व निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं करने के मामले में वन मण्डलाधिकरी गणवीर धम्मशील ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो लापरवाह वनकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बता दें कि 23 अक्टूबर 2025 को बलौदाबाजार वनमण्डल के अर्जुनी परिक्षेत्र अंतर्गत दक्षिण महराजी परिसर में एक मादा चीतल वन्यप्राणी को वनरक्षक द्वारा बिना उच्च अधिकारियों को सूचित किए तथा बिना पोस्टमार्टम कराए मृत वन्यप्राणी को दफ ना दिया गया।

## साइबर फ्राड पीड़ित ने खुद के साथ हुए फ्राड से कराया अवगत, सावधानी बरतने दी समझाईश

**सूरजपुर।** आज का दौर डिजिटल है, आधुनिकता के दौर में पैसा ट्रांसफर करना और मंगाना अब काफी सरल हो गया है किन्तु साइबर अपराधी इसी आधुनिकता का गलत फायदा उठाकर लोगों को झांसे में लेकर उनकी मेहनत की कमाई संदिग्ध लिंक पर टच करा अथवा बहकावे में लेकर ओटीपी की जानकारी हासिल करते हुए साइबर फ्राड को अंजाम दे रहे है। साइबर अपराध से बचाव का सबसे कारगर तरीका है खुद जागरूक रहकर सतर्कता बरतना और लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करना है, उक्त बाते सोमवार, 3 नवम्बर को स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रेमनगर में आयोजित साइबर सुरक्षा संवाद कार्यक्रम के दौरान डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने कही।

कार्यक्रम में प्राचार्य मनोज झा, शिक्षक कमलेश टेकाम, अमरजीत सोलंकी, छात्र ज्योति साहू, साक्षी दुबे, इंडिया रजक, श्याम लाल साहू व आलोक सिंह ने अपने एवं परिजनों के साथ हुए साइबर फ्राड के बारे में बताया। प्राचार्य मनोज झा ने बताया कि उनके मोबाईल पर एक व्यक्ति ने फोन कर बच्चा बीमार है उसके ईलाज के लिए पैसे की आवश्यकता बताकर पैसे ठगते हुए साइबर फ्राड किया। इसी प्रकार छात्रों ने साइबर फ्राड के अपने अनुभवों को साझा किया और संदेश दिया कि किसी भी अनजान कॉल, मैसेज या लिंक पर भरोसा न करें और अपनी निजी/वित्तीय जानकारी साझा न करें। यदि धोखाधड़ी होती है तो राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत शिकायत दर्ज कराए। इस अवसर पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने कहा कि जिले के साइबर सुरक्षा संवाद कार्यक्रम को आमजनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। जागरूकता के आयोजनों, सोशल मीडिया के माध्यम से लोग लगातार जागरूक हो रहे है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के दौर में तकनीक काम को आसान बना रहा है किन्तु साइबर अपराधी तकनीक का गलत फायदा उठाकर लोगों के पैसे का धोखाधड़ी करने में लगे हुए है।

# चिरमिरी में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन






**चिरमिरी।** वार्ड क्रमांक 34 के पुराना गोदरीपारा क्षेत्र में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चिरमिरी थाना प्रभारी विजय सिंह द्वारा स्थानीय नागरिकों, स्कूल के छात्र-छात्राओं, कॉलेज विद्यार्थियों, महिलाओं एवं पुरुषों को साइबर जागरूकता संवाद, यातायात सुरक्षा, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध की रोकथाम तथा नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों को सुरक्षा नियमों के पालन, ऑनलाइन ठगी से बचाव एवं समाज में बढ़ते अपराधों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। इस अवसर पर पार्षद राहुल भाई पटेल ने बताया कि कुछ दिन पूर्व वार्ड के तालाब में एक युवक की डूबने से मृत्यु हो गई थी, जिसे बचाया नहीं जा सका। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए उन्होंने वार्डवासियों को वाटर सेफ्टी लाइफबॉय थाना प्रभारी विजय सिंह के हाथों रिंग प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि यह कदम सुरक्षा दृष्टि से उठाया गया है ताकि भविष्य में जलाशयों के आसपास होने वाली किसी भी दुर्घटना पर अंकुश लगाया जा सके। इस दौरान काफी संख्या में वार्ड वासी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।


छत्तीसगढ़ बन रहा है
भारत का विकास इंजन
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के
विजन विकसित भारत 2047
की ओर बढ़ते कदम
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़
नई औद्योगिक नीति 2024-30
₹7.5 लाख करोड़ निवेश प्रस्ताव
(सिर्फ 12 महीनों में)
350+ रिफॉर्म, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस
को स्पीड ऑफ डूइंग बिजनेस में बदला
तकनीकी रूप से दक्ष, उद्योग के लिए तैयार
कुशल युवाओं की संख्या में निरंतर वृद्धि
बी-स्पोक नीति: 1000+ रोजगार पर विशेष
प्रोत्साहन पैकेज, 15000 रूपये तक प्रतिमाह
प्रशिक्षण अनुदान
हमसे जुड़ने
के लिए
QR स्कैन करें
नवा रायपुर - नए भारत का औद्योगिक हब
₹1800 करोड़ से
सेमीकंडक्टर यूनिट की स्थापना
150 मेगावाट
भारत का पहला एआई डेटा सेंटर
मेडिसिटी | एडुसिटी | फार्मा हब
टेक्सटाइल हब | फर्नीचर क्लस्टर
आईटी आधारित रोज़गार सृजन के लिये
प्लग एंड प्ले मॉडल
विशेष पैकेज
डिफेंस
एयरोस्पेस
आईटी
एआई
ग्रीन एनर्जी
विशेष प्रोत्साहन
SC/ST, महिला, पूर्व सैनिक, MSME, स्टार्टअप्स, सेवा व
कृषि-खाद्य उद्योग को प्रोत्साहन
बस्तर और सरगुजा के लिये विशेष पैकेज सस्ती जमीन,
आसान नियम
2030 तक विद्युत उत्पादन में देश में नं.1 बनने की ओर अग्रसर
वर्तमान क्षमता : 30,000 मेगावाट
महिला और युवा उद्यमी
50 करोड़ स्टार्टअप फंड और
उद्यम क्रांति योजना के तहत सब्सिडी
वाला ऋण
कर लाभ
12 साल तक 100%
नेट एसजीएसटी रिफंड
कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स
₹47,447 करोड़
के रेल प्रोजेक्ट्स संचालित
₹21,380 करोड़ से राष्ट्रीय राजमार्ग विकास
कार्य पूर्ण, ₹18,000 करोड़ के कार्य प्रगति पर
नई लॉजिस्टिक पॉलिसी
कोल्ड स्टोरेज, ट्रांसपोर्ट सेंटर,
होंगे विकसित
पर्यटन को उद्योग का दर्जा
छत्तीसगढ़ में होमस्टे पॉलिसी
लागू
'डेस्टिनेशन छत्तीसगढ़'
से ट्राइबल, हेरिटेज और
इको-टूरिज्म को बढ़ावा
छत्तीसगढ़ - अवसर, विकास और आत्मनिर्भरता का नया केंद्र
S-45738/1
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

# नमूना बन गई औद्योगिक क्षेत्र की सड़क, मुश्किलों के बीच जिन्दगी

### लोगों ने कहा हमें इंतजार नई सुबह का



**कोरबा।** सुशासन का राज होने और जिले में विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए असीमित संभावनाएं होने के बावजूद सड़कों से जुड़ी समस्या लोगों के लिए किसी रहस्यमयी पहेली से कम नहीं है। जहां देखो वहीं सबसे बड़ा मसला सड़क ही है। उनकी दुर्दशा के कारण आम और खास लोग परेशान हैं। कोरबा नगर निगम क्षेत्र के खरमोरा वार्ड के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र की सड़क एक तरह से नमूना बन गई है। उसकी जो संरचना मौजूद है उससे धारण कुछ ऐसी बनती है। बार-बार सुधार के लिए पत्राचार कर थक चुके लोगों ने कहा कि चमत्कार तो होने से रहा फिर भी उन्हें उस सुबह का इंतजार जरूर रहेगा।

कोई अभी से नहीं, लंबे समय से कोरबा जिले में शहरी क्षेत्र की सड़कों की दुर्गति अपने आपमें बड़ा मुद्दा रही है। ये सड़कें या तो नगर निगम के अधीन है या लोक निर्माण विभाग के या फिर इनका संरक्षण करना राज्य या केंद्र के उपक्रमों के भरोसे है। यानि इकाईयां ज्यादा, सड़कें सीमित तब भी समस्याएं। कोरबा में पांच दशक पहले पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश सरकार ने विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) का गठन किया था। 84 गांव को मिलाकर इसका गठन किया गया और क्षेत्र के विकास की बुनियाद रखी गई ताकि क्षेत्र के विस्तार के मामले में ढांचागत विकास बेहतर हो सके। उसी दौरान कोरबा में मौजूदा खरमोरा वार्ड के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की गई। स्थानीय उद्यमियों को अवसर देने और अपनी इकाईयां स्थापित करने के लिए कौड़ियों की कीमत में भूखंड आवंटित किए गए। वर्तमान में यह क्षेत्र काफी फल-फूल रहा है। बीते वर्षों में औद्योगिक क्षेत्र के आसपास आवासीय क्षेत्र भी साकार हुआ। खबर के अनुसार वर्तमान में इस इलाके पर से आवागमन करने को लेकर जो सड़कें बनाई गई है उनकी व्यवस्था एकल के बजाय द्विस्तरीय है। बताया गया कि नगर निगम के आवासीय क्षेत्र की सड़कों की सुध लेकर उन्हें ठीक कराया है लेकिन औद्योगिक क्षेत्र से वास्ता रखने वाली सड़कें उपेक्षित है। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है कि औद्योगिक इकाईयों से जिला उद्योग केंद्र को राजस्व मिलता है इसलिए यहां की सुविधाओं को अपडेट करना डीआईसी की जिम्मेदारी है। लेकिन जब इस तरह की बात होती है तो शायद अधिकारी यह भूल जाते हैं कि दोनों ही क्षेत्र में रहने वाले लोग अपने-अपने कार्यों के एक-दूसरे इलाके जाने के लिए सड़कों का उपयोग करते ही हैं। ऐसे में सड़कों की बदहाली उन्हें परेशान करती है। लोगों ने बताया कि पिछले विधानसभा चुनाव के समय यह मुद्दा जोर-शोर से उठा था तब आश्वासन दिया गया था कि इस पर जरूर संज्ञान लिया जाएगा लेकिन लंबा अरसा गुजरने पर इसे विस्मृत कर दिया गया।

स्थानीय लोग शिकायती लहजे में कहते हैं कि एक तो ऐसे वादे करने ही नहीं चाहिए जिनका सिर-पैर न हो। अगर जनप्रतिनिधि अपने वादे को मुकर सकते हैं तो प्रशासन के अधिकारी जन सुविधाओं की बेहतरी के लिए सक्षम है और यह उनकी जवाबदेही बनती है। देखना होगा कि औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं का समाधान कब तक होता है और स्थानीय लोगों की जीवन से जुड़ी पीड़ा कब तक दूर होती है।

# गुरु नानकदेव प्रकाश पर्व पर शबद कीर्तन से निहाल होगी संगत, शाम को सजेगा दीवान

### नगर और जिले में सिख समाज ने आयोजन के लिए की तैयारी



**कोरबा।** सिख पंथ के प्रवर्तक एवं प्रथम गुरु गुरु नानकदेव जी महाराज का प्राकट्य दिवस प्रकाश पर्व के रूप में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। कोरबा नगर सहित जिले के सभी गुरुद्वारों में इस पर्व के लिए विशेष तैयारियाँ की गई हैं।

प्रकाश पर्व से पूर्व विभिन्न स्थानों पर नगर कीर्तन निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएँ, बच्चे और युवक-युवतियाँ शामिल हुए। कीर्तन दलों द्वारा पूरे मार्ग में 'वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह' के जयकारे गूंजते रहे। मार्ग में श्रद्धालुओं ने फूल वर्षा कर संगत का स्वागत किया। गुरु नानकदेव जी ने अपने समय की सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप सिख धर्म की स्थापना की थी। उन्होंने मानवता, समानता और सेवा का संदेश दिया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही उनका प्राकट्य हुआ था। तब से यह तिथि सिख समाज द्वारा गुरु नानकदेव जी के प्रकाश पर्व के रूप में धूमधाम से मनाई जाती है।

आज से सभी गुरुद्वारों में 48 घंटे का अखंड पाठ आरंभ हुआ है, जिसका समापन कार्तिक पूर्णिमा के दिन होगा। इसके उपरांत सुबह से ही शब्द कीर्तन और रागी जत्थों द्वारा शबद गायन का कार्यक्रम चलेगा। दोपहर में गुरु का लंगर वितरित किया जाएगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शाम 7 बजे से गुरुद्वारा परिसर में मुख्य दीवान सजाया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध रागी जत्थे संगत को गुरुवाणी का अमृतपान कराएँगे। इस दौरान शहर के प्रमुख नागरिक, समाजसेवी एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने परिवार सहित इस पवित्र आयोजन में सम्मिलित होकर गुरु नानक देव जी के उपदेशों को आत्मसात करें और सामाजिक सौहार्द एवं सेवा की भावना को आगे बढ़ाएँ।

### समाज ने प्रभातफेरी से दिया संदेश

कोरबा, बालको नगर, जमनीपाली, कटघोरा, दीपका, बाकीमोंगरा, कुसमुंडा और पाली क्षेत्र के गुरुद्वारों में बीते एक सप्ताह से प्रभात फेरी और नगर कीर्तन निकाला। इसके माध्यम से गुरु नानकदेव की शिक्षाओं को प्रचारित किया गया। कई स्थानों पर प्रतिष्ठित लोगों ने प्रभात फेरी का स्वागत किया।

## कल्याण मंडप में बसपा की बैठक कल

**कोरबा।** बसपा के प्रदेश प्रभारी दाऊराम रत्नाकर का कल कोरबा आगमन हो रहा है। वे मानिकपुर कल्याण मंडप में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में शामिल होंगे। प्रदेश महामंत्री राधेश्याम सूर्यवंशी भी बैठक में अपना विचार रखेंगे। जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पदाधिकारियों के द्वारा विधानसभा के अध्यक्षों को भी बैठक में बुलाया गया है। सेक्टर समिति गठन करने को लेकर चर्चा की जाएगी। कोरबा विधानसभा के अध्यक्ष गज्जू चौहान के द्वारा अपने क्षेत्र में सभी सेक्टर समिति गठित कर लिए गए हैं। इसी तरह कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष राघवेंद्र मनहर के द्वारा भी लगातार बैठक ली जा रही है। बैठक में महेंद्र मिरी, महेंद्र निराला, राजकुमारी नारंगे, कार्तिक बाई, केसर सोनवानी, भगवती केमेंडिज, नीलेश सोनवानी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

***कोरबा।** स्थानीय सांसद ज्योत्सना महंत ने व्यापारियों से संबंधित समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए जरूरी कोशिश करने रामसेवक अग्रवाल को प्रतिनिधि नियुक्त किया है।

# बुड़बुड़ में महिला का नहीं बछड़े का था शव

**कोरबा।** बुड़बुड़ केराझरिया क्षेत्र में दफनाए गए एक शव के पास मिले महिला के कपड़ों को लेकर जताई जा रही आशंकाएं आखिरकार निर्मूल साबित हुई। बताया जा रहा है कि शव महिला का नहीं बल्कि बछड़े का था।

सोमवार को कुछ लोगों ने बुड़बुड इलाके में एक इलाके पर शव को दफनाने का नजारा देखा था। इससे कुछ ही दूरी पर लेडिज इनरवियर के कई सेट पड़े मिले। बस फिर क्या था कयासों के घोड़े दौड़ाए जाने लगे। विभिन्न संचार माध्यम में इसे सनसनी बनाकर पेश किया गया। पुलिस ने संज्ञान लेने के साथ फौरी तौर पर यहां-वहां से जानकारी ली और खुद भी पड़ताल की। जिसके बाद तस्वीर साफ हुई। थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि मामले में की गई छानबीन से स्पष्ट हुआ कि वहां पर महिला का नहीं बल्कि बछड़े का शव दफनाया गया था। इससे काफी चीजें साफ हो गई। कुछ लोगों ने लेडिज इनरवियर की उपस्थिति नजदीक में होने से ऐसा माना था कि संदिग्ध रूप से किसी महिला को यहां दफना दिया गया है। हालांकि अब सबकुछ स्पष्ट हो गया है।

# दीपशिखा से देव दीपावली पर रोशन होंगे हसदेव के किनारे



**कोरबा।** कार्तिक पूर्णिमा पर कोरबा के हसदेव घाट में देव दीपावली मनाई जाएगी। नमामि हसदेव सेवा समिति इसका आयोजन कर रही है। शाम 5 बजे संत-महात्माओं की उपस्थिति में घाटों पर दीपशिखा का आलोक बिखरेगा। इसके लिए काफी तैयारी की जा रही है। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि देव दीपावली पर हसदेव की महाआरती की जाएगी और उसे श्रद्धा भाव से चुनरी अर्पित की जाएगी।

# प्रसूता का उपचार कराने गई मितानीन गायत्री को बाहर किया महिला गार्ड ने

### दोषियों पर कार्रवाई की मांग



**कोरबा।** सरकारी मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध होकर हो रहे जिला अस्पताल में पिछले रात महिला सुरक्षा कर्मियों ने गायत्री पटेल नामक मितानिन से दुर्व्यवहार किया और उसे बाहर निकालने की कोशिश की। उनके द्वारा एक बुजुर्ग परिजन से भी दोयम दर्जे का व्यवहार किया गया। इस घटनाक्रम को लेकर मितानिन संगठन भड़क गया है। उसके द्वारा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है वरना काम ठप कर देंगे।

कोरबा के जिला अस्पताल में देर रात्रि यह घटना हुई। जानकारी मिलेगी नगर निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 4 की मितानिन गायत्री पटेल अपने वार्ड की प्रसूता को उपचार के लिए यहां लाई थी। कुछ समय के बाद जब मरीज से मिलने पहुंची तो यहां नियुक्त महिला सुरक्षा कर्मियों ने उसे धक्का देकर बाहर करने का प्रयास किया बल्कि मरीज को डिस्चार्ज करने की धमकी भी दे डाली। बताया गया कि यहां मौजूद एक बुजुर्ग परिजन में सुरक्षा कर्मियों के इस घटिया व्यवहार पर आपत्ति दर्ज कराई। इस घटनाक्रम को लेकर जमकर कहां सुनी हो गई और अपरातफरी का माहौल बन गया। मितानिन ऑर्गनाइजेशन की अध्यक्ष कविता राठौर ने कहा कि ऐसा कोई पहली बार नहीं हुआ। यहां पर पहले भी इस तरह की घटनाएं हुई है और सुरक्षा कर्मियों का निचले स्तर का बर्ताव सामने आया है। कुछ दिन पहले ही सुरक्षा कर्मियों ने एक मरीज से मारपीट कर डाली थी जिसकी शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई गई। कविता ने हाल की घटना की जांच प्रशासन से करने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की। उनकी ओर से ऐलान किया गया है कि अगर प्रशासन ने हमारी मांग पर जांच के साथ एक्शन नहीं लिया तो जल्द ही काम को ब्रेक कर दिया जाएगा।

## नए चेहरों को मिलेगा मौका

**कोरबा।** कल गेवरा वर्कर्स क्लब में आयोजित एसकेएमएस के सम्मेलन में दूसरे संगठन के अजय राठौर, रामकुमार कौशिक व गुलशन जायसवाल शामिल हुए। इन तीनों नेताओं को आने वाले दिनों में पदाधिकारी बनाया जाएगा। काफी दिनों से दीपका एसकेएमएस के विनोद यादव, जीत सिंह व गोपाल यादव संगठन को मजबूत बनाने के लिए नए चेहरे की तलाश कर रहे थे। अजय राठौर क्षेत्र के जाने-माने नेता हैं और उन्हें सही मौका नहीं मिल पा रहा था। बताया जाता है कि अजय राठौर के पास काफी सदस्य हैं जिसका लाभ संगठन को मिलेगा। इसी तरह रामकुमार कौशिक क्षेत्र में काफी सक्रिय रहे हैं। कल के कार्यक्रम में एसकेएमएस के एसईसीएल अध्यक्ष कन्हैया सिंह, महामंत्री अजय विश्वकर्मा व सेफ्टी सदस्य धर्मा राव शामिल हुए।

## कांग्रेसियों ने प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

**कोरबा।** जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात की और उन्हें बोर्ड अधिकार को लेकर चलाए जा रहे अभियान के संबंध में बताया। प्रतिनिधि मंडल में शामिल प्रवीण ओगरे, सत्यप्रकाश पैकरा, कय्यूम बेग, प्रकाश महंत ने भी कई समस्याओं को सामने रखा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी जिलों में निर्वाचन सूची तैयार होने वाली है। इसके लिए मंडलों, ब्लॉकों व गांवों में अधिकारी पहुंचेंगे। किसी भी व्यक्ति का नाम न कटे इसके लिए कांग्रेसियों को जागरूक रहना होगा। सभी कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में वे सक्रियता के साथ कार्य करें।

## चोरी रोकने प्रबंधन और श्रमिक संगठन मिलकर करेंगे प्रयास

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में कोयला चोरी व डीजल चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। प्रबंधन ने इस मामले में काफी प्रयास किए हैं। माल बाहर न जा सके इसके लिए रास्ता भी रोका गया है। इन सभी मुद्दों को लेकर कल श्रमिक संगठनों और प्रबंधन के मध्य वार्ता हुई। चार श्रमिक संगठनों ने सहमति जताते हुए कहा कि चोरी की घटनाओं में अगर कमी आती है तो श्रमिक संगठन के साथ है। जबकि एक श्रमिक संगठन ने इसका विरोध किया। इसके अलावा आवासों की कमी के मुद्दे को भी उठाया गया। 100 से अधिक आवास बाहरी व्यक्तियों के कब्जे में है। इन आवासों को खाली कराना होगा। बैठक में उपस्थित हिरेंद्र चंद्रा, अमिया मिश्रा, शॉजी जॉन, एनके सिंह सहित सभी सदस्यों ने कहा कि कोयला कामगारों को आवास दिया जाए। जितने भी आवासों में कब्जे हैं उन्हें खाली कराना होगा।

# राज्योत्सव में बालको ने सामुदायिक विकास और अपने सरोकारों की तस्वीर से लोगों को किया चकित



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव-2025 कोरबा में स्थापित वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) के पैवेलियन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

बालको कंपनी ने अपने स्टॉल के माध्यम से राज्य के औद्योगिक, तकनीकी और सामाजिक विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कोरबा राज्योत्सव के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने बालको पैवेलियन का भ्रमण किया और कंपनी द्वारा किए जा रहे सामुदायिक विकास कार्यों तथा अत्याधुनिक औद्योगिक प्रगति की सराहना की। बालको पैवेलियन में आगंतुकों को एल्यूमिनियम निर्माण प्रक्रिया, पर्यावरण संरक्षण उपायों और नवाचार तकनीक की जानकारी दी गई। साथ ही कंपनी की प्रमुख सामुदायिक विकास परियोजनाएं, उन्नति, मोर जल मोर माटी, वेदांता स्किल स्कूल, नंदघर, के साथ ही बालको मेडिकल सेंटर, बालको अस्पताल, एवं महिला स्वावलंबन की कहानियों को प्रदर्शित की गईं। बालको केवल कोरबा ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की औद्योगिक पहचान है। कंपनी ने अपने समर्पण और जिम्मेदारी से समुदायों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य किया है। छह दशकों की अपनी गौरवशाली यात्रा में बालको ने औद्योगिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में भी मिसाल कायम की है। बालको कंपनी वर्तमान में कोरबा एवं आसपास के 123 ग्रामो में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका और आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण जैसे क्षेत्रों में कार्य कर रही है, जिससे अब तक 2 लाख से अधिक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। बालको प्रबंधन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती राज्य की प्रगति और आत्मनिर्भरता की कहानी का प्रतीक है। बालको इस यात्रा में सदैव राज्य सरकार और समुदाय के साथ मिलकर सतत विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा। इस अवसर पर बालको के अधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जेआरसी क्लब को एंयर कंडीशनर बनाने की मांग

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व स्थित जेआरसी क्लब को एयर कंडीशनर बनाने की मांग लगातार समिति के सदस्यों द्वारा की जाती रही है। जेआरसी क्लब में किचन शेड का निर्माण के साथ-साथ रंग रोगन का भी कार्य हुआ है। चारों तरफ टाइल्स लगाए गए हैं। समिति के सदस्य मनोज कटेरिया, अशोक लोध, मानस बोस, विमल ने प्रबंधन से मुलाकात की है।

फ्लैट बेचना है
बुधवारी बाजार घंटाघर रोड स्थित पावर हाइट सोसायटी में 3 बीएचके सेमी फर्निश्ड फ्लैट बेचना है।
संपर्क करें
8770934804

# 108 की सेवाएं ठप, सेवा प्रदाता से जवाब मांगा विभाग ने

### सीएमएचओ ने राज्य को भी पत्र भेजा




**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड क्षेत्र के पसान पीएचसी पर आधारित सरकार से अनुबंधित डॉयल 108 एंबुलेंस सेवा लगभग एक महीने से बंद पड़ी है। इसके चलते मरीजों को इसकी सेवाओं से वंचित होना पड़ रहा है।

दूरस्थ क्षेत्र के लोग इस सेवा के अभाव में लंबे समय से परेशान हैं। इस पीएचसी को जो एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई है उनकी उपयोगिता असामान्य कारणों से साबित नहीं हो पा रही है। राज्य सरकार ने एंबुलेंस संचालन के लिए जीओस के साथ एग्रीमेंट कर रखा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत नियुक्त हुए चालक और अन्य कर्मी की सेवाएं इनके संचालन में प्राप्त हो रही है। आपात स्थिति में मरीजों को दुर्घटना स्थल से लेकर घर या कार्यस्थल से अस्पताल लाना और वापस छोड़ने की है। इस मामले में लंबे समय से 108 संजीवनी पीड़ितों के लिए वरदान साबित होती रही। खबर के अनुसार लगभग एक महीना हो चुका है जबकि पसान क्षेत्र में यह एंबुलेंस स्थाई रूप से खड़ी हो गई है। इसके पीछे अलग-अलग कारण बताए जा रहे हैं लेकिन ये वापस पटरी पर कैसे आएगी ये बताने वाला कोई नहीं है। इस चक्कर में कुल मिलाकर मरीजों व उनके परिजनों को सरकारी सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

आखिर बात क्या है और ऐसा कब तक चलेगा, इस संबंध में कोरबा के सीएमएचओ डॉ. एसएन केसरी से बातचीत की गई। जिस पर उन्होंने बताया कि विभिन्न माध्यमों से पसान क्षेत्र में 108 के एक्टिव न होने की जानकारी मिली है। हमारी ओर से राज्य सरकार के संबंधित विभाग से इस बारे में पत्राचार किया गया है। इसके साथ ही सेवा प्रदाता कंपनी के प्रबंधन को नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया है। दोनों ही स्थितियों में संबंधित बिंदु का परीक्षण करने के साथ एंबुलेंस संचालन को यथावत किया जाएगा।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com